

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 28 अप्रैल 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-030 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## महादेव बेटिंग एप केस में एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

### मुंबई पुलिस ने जगदलपुर में घेरा

**रायपुर,28 अप्रैल**

महादेव बेटिंग ऐप केस में पुलिस ने साहिल खान को गिरफ्तार कर लिया है, मुंबई साइबर सेल की विशेष जांच टीम ने महादेव सट्टा ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से एक्टर साहिल खान को हिरासत में लिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहिल गिरफ्तार किया गया। मेडिकल के बाद साहिल को मुंबई की कोर्ट में पेश किए जाएगा।



**ऐप प्रमोट करने का आरोप**-जानकारी के मुताबिक साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और बेटिंग ऐप प्रमोट करने का आरोप है। मुंबई की माटुंगा पुलिस की महादेव बेटिंग ऐप केस की जांच में साहिल खान का नाम आया था। जिसके बाद एसआईटी ने हाल ही में साहिल से पूछताछ की थी। मुंबई साइबर सेल ने शनिवार को साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार किया। यहां से उन्हें मुंबई ले जाया जाया गया है। वे कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए लगातार अपना लोकेशन बदलते हुए महाराष्ट्र के सीमावर्ती राज्यों से होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि साहिल लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी ऐप वेबसाइट में भागीदार हैं, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है।

**एसआईटी ने हाल ही में साहिल से की थी पूछताछ**-मुंबई साइबर सेल की एसआईटी कुछ वित्तीय और रियल एस्टेट कंपनियों और विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटरों के बीच कथित अवैध लेनदेन की जांच कर रही है। मामले में पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर के मुताबिक, घोटाला लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का है। मामले में साहिल खान और 31 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ जांच चल रही है। पुलिस के मुताबिक, जांच में उनके बैंक खाते, मोबाइल फोन, लैपटॉप और सभी तकनीकी उपकरणों की जांच शामिल है। आगे की जांच जारी है।

**साहिल खान पर लगे है ये आरोप**-साहिल खान पर लॉयन बुक ऐप को प्रमोट करने और इवेंट्स अटेंड करने का आरोप लगा है। लॉयन बुक को प्रमोट करने के बाद उन्होंने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया। साहिल ऐप को बढ़ावा देने के लिए अपने रौब का इस्तेमाल करते थे। वे सिलेब्रिटीज को बुलाते थे और ग्रैंड पार्टियों का आयोजन करते थे।

**जाने कौन हैं एक्टर साहिल खान**-एक्टर साहिल खान अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने E&cuse Me और स्टाइल जैसी फिल्मों में काम किया है। हालांकि, वे फिल्मों में कुछ कमाल नहीं कर सके और इंडस्ट्री छोड़ दी। इसके बाद उनकी फिटनेस जर्नी शुरू हुई और वे फिटनेस इंफ्लुएंसर बन गए। साहिल Divine Nutrition नाम की एक कंपनी चलाते हैं, जो कि सप्लीमेंट्स बेचती है। मामले में पहले मुंबई पुलिस एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। एक्टर ने जमानत के लिये कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई थी।

## कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती है :नरेन्द्र मोदी

**बेंगलुरु,28 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के बेलगावी में पहुंचे, जहाँ उन्होंने सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने भाजपा का 'फिर एक बार मोदी सरकार' का नारा दोहराया। पीएम ने कहा, 'आज विश्व में भारत की पहचान 'लोकतंत्र की जननी' के रूप में हो रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। भारत में, लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए हैं और इसी तथ्य ने देश के नागरिकों में आत्मविश्वास जगाया है। आज हर कोई कह रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार'।



बेलगावी में पीएम मोदी ने कांग्रेस को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने जनता से कहा कि जब भारत प्रगति करता है तो हर कोई खुश होता है। लेकिन कांग्रेस 'परिवर्तन' में इस कदर लिप्त हो गई है कि वह भारत के हर विकासात्मक कदम से परेशान हो जाती है। पीएम ने कहा, 'भारत जब आगे बढ़ता है, भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है। लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है, परिवार हित में इतना उलझ गई है कि उसे देशहित की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती है।'

ईवीएम के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'कोविड टीकों पर सवाल उठाने से लेकर ईवीएम पर संदेह करने तक, कांग्रेस ने भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस को कड़ी फटकार लगाई है। आखिर कांग्रेस किसके इशारे और निर्देश पर खेलती है? ईवीएम पर कांग्रेस का झूठ और अफवाहें देश के लोकतंत्र के अपमान के अलावा और कुछ नहीं है। इसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए।' उन्होंने हुबली हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है, उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। जब बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ, तभी कांग्रेस ने गंभीरता से नहीं लिया। यही नहीं, कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई, जो आतंकवाद को पनाह देने वाला देश विरोधी संगठन है, जिस पर मोदी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। कांग्रेस सिर्फ एक सीट वायनाड जीतने के लिए ऐसे पीएफआई आतंकी संगठन का बचाव करने में लगी है।' पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुलतानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई, एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे मोदी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वायनाड में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है।' उन्होंने कहा कि हम देश की महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। और दूसरी ओर, कांग्रेस आपकी संपत्ति, आपकी संपत्ति, आपके सोने, 'स्त्री धन', मंगलसूत्र और न जाने क्या-क्या का 'एक्स-रे' कराने की योजना बना रही है। शर्मनाक कांग्रेस का लक्ष्य आपके घरों पर छापे मारना और आपके अधिकारों और संपत्तियों को छीनना है। पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस आपकी संपत्ति को अपने पसंदीदा वोट बैंक में बांटने की बात करती है। क्या आप अपनी मेहनत की कमाई किसी को दे देना चाहेंगे? क्या आप कांग्रेस को अपना मंगलसूत्र हड़पने देंगे? नहीं। क्या कोई 'पंजा' आपकी संपत्ति लूट सकता है? नहीं। मैं कांग्रेस को सचेत करना चाहता हूं - ये मंसूबे छोड़ दीजिए।'

## संक्षेप

### दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली ने पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली,28 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी। लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अरविंदर सिंह लवली ने अपने इस्तीफे में लिखा, दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।÷ उन्होंने ये भी कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को केवल तीन ही सीटें दी गईं। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर भी थी कि इन तीनों सीटों में दो सीटें बाहरी व्यक्तियों को दी गई।

### ऑटो पार्ट्स दुकान में आग

**दुर्ग,28 अप्रैल.**भिलाई स्थित नंदिनी रोड में सीएसपी कार्यालय के सामने सूर्या मोटर्स नामक ऑटो पार्ट्स दुकान में सुबह आग लग गई । घटना की सूचना पाते ही छावनी थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंच गए थे।फायर ब्रिगेड के आते आग पर काबू पा लिया गया है आगजनी से कितना नुकसान हुआ है इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

### श्रमिक की किलन में गिरकर मौत, ग्रामीण शव लेकर धरने पर बैठे

**धरसींवा,28 अप्रैल.** उरला-सिलतरा-तिल्दा क्षेत्र में स्थित उद्योगों में आए दिन हादसे हो रहे हैं. ताजा घटनाक्रम में श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात में कार्यरत एक श्रमिक की किलन से गिरने से मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के साथ क्रांति सेना के लोग मृतक के शव को रखकर धरना दे रहे हैं. बजरंग पावर एण्ड इस्पात में कार्यरत चिंतामणि यदु की किलन में गिरने से मौत हो गई. परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य की मौत से आक्रोशित ग्रामीण युवक के शव के साथ धरना दे रहे हैं.

## आरक्षण का समर्थक है आरएसएस :भागवत

**हैदराबाद,28 अप्रैल.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा चुनावों के बीच आरक्षण पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है। मोहन भागवत ने कहा कि आरक्षण और संघ को लेकर फेक वीडियो फैलाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इस बारे में हम बाहर नहीं बोल सकते हैं। यह सब पूरी तरह से झूठ है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने



कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई नहीं देता हो। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा, अगर भाजपा जीतेगी तो देश में तानाशाही होगी। मैं कहना चाहूंगा कि सूरत तो सिर्फ एक उदाहरण है, पूरा देश दांव पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बाबा साहेब के संविधान और वोट की ताकत को खत्म करना चाहती है। वह दलितों, पिछड़े समुदायों और शोषित वर्गों के आरक्षण के अधिकार को भी खत्म करना चाहती है।

## आरक्षण को खत्म करने की नहीं है मंशा: शाह

**नई दिल्ली,28 अप्रैल.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा कि राहुल गांधी बेबुनियाद झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. अगर बीजेपी की मंशा आरक्षण खत्म करने की होती तो अब तक ऐसा हो चुका होता. दरअसल, राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से साफ हो गया है. उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना चाहते हैं. दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना चाहते हैं. लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है. जब तक कांग्रेस है, वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती. राहुल गांधी के इसी बयान पर गृह मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी बेबुनियाद झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. इस देश में बीजेपी की सरकार 10 साल से चल रही है और दो बार पूर्ण बहुमत मिला है. अगर बीजेपी की मंशा आरक्षण खत्म करने की होती तो अब तक ऐसा हो चुका होता. पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के दलित, पिछड़ों और आदिवासी भाई-बहनों को गारंटी दी है कि जब तक भाजपा है. तब तक आरक्षण को कोई छू नहीं सकता. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा एससी/एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर हमला बोला है. कर्नाटक में उनकी सरकार आई और 4 प्रतिशत



अल्पसंख्यक आरक्षण किया. किसका कोटा काटा गया? ओबीसी (आरक्षण) में कटौती की गई. आंध्र प्रदेश में उनकी सरकार आई, वहां भी उन्होंने 5 प्रतिशत अल्पसंख्यक आरक्षण दिया...

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े समाज का विरोध किया और आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए कभी काम नहीं किया. और एएमयू जैसी संस्थाओं में एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण नहीं, वजह सिर्फ कांग्रेस की एससी-एसटी और ओबीसी नीतियां रही हैं. कांग्रेस ने पिछड़े समाज का हमेशा विरोध किया. बाबा साहेब अम्बेडकर को परेशान किया. नरेंद्र मोदी सरकार ने द्रोपदी मुर्म को राष्ट्रपति बना करा आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया है.

## रजिस्ट्री करा बिल्डर को दिया 25,70,400 चेक बाउंस, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर,28 अप्रैल.** सिविललाइंस पुलिस ने बिल्डर सुशीलचंद्र पगारिया की रिपोर्ट पर एक जमीन खरीददार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है. कोर्ट के आदेश पर एफआईआर करके मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने बताया कि टैगोरनगर निवासी सुशील चंद्र पगारिया एवं उनके पुत्र श्रेयांस पगारिया की ओर से कोर्ट के आदेश पर आरोपी सोनू यादव निवासी डंगनिया को आरोपी बनाया गया है. 26 वर्षीय उक्त आरोपी ने दोनों प्रार्थियों के स्वामित्व वाली मंदिरहसौद स्थित जमीन 25 लाख 70 हजार 4 सौ रुपए में 4 अप्रैल 2019 को खरीदी थी और बैंक ऑफ बड़ौदा के पांच चेक 10 जून 2019 के दिनांक वाले दिए थे. अनावेदक द्वारा निष्पादित शपथ पत्र में यह कथन किया गया था कि यदि उपरोक्त वर्णित धनादेशों का नगदीकरण प्रस्तावित तिथि पर नहीं होता है तो उक्त विक्रय विलेख निरस्त, प्रभावहीन व शून्य हो जाएगा. जबकि 16 जून को चेक लगाए जाने पर उक्त बैंक द्वारा हस्ताक्षर भिन्न होने की टीप के साथ उन्हें बाउंस कर दिया गया. इसकी सूचना देकर आरोपी को 15 दिवस के भीतर रकम की मांग की गई. पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया गया. विवादग्रस्त भूमि के अंतरण पर रोक लगाते हुए अस्थायी निषेधाज्ञा का आदेश भी पारित कर दिया गया था. अस्थायी निषेधाज्ञा आदेश की जानकारी पंजीयन व पटवारी कार्यालय में प्रेषित करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि अनावेदक द्वारा पूर्व में 4 फरवरी 2020 को उक्त भूमि का विक्रय भरत कुमार निषाद तथा अंजनी कुमार सिंह को किसी भी विवाद से मुक्त बताते हुए किया जा चुका है.

## ढलाई के दौरान भरभरा कर गिरी स्कूल की छत, चार मजदूर दबे

**दुर्ग,28 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के भिलाई नगर में जनता पब्लिक स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत ढलाई किए जाने के दौरान अचानक गिर गई. हादसे के वक्त छत के ऊपर चार मजदूर काम कर रहे थे. हादसे में घायल हुए चारों मजदूरों की हालत अस्पताल में स्थिर बनी हुई है. डॉक्टरों की टीम मजदूरों की हालत पर नजर बनाए हुए है.

दरअसल जनता पब्लिक स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम चल रहा था. स्कूल की बिल्डिंग में छत की ढलाई शुरु ही हुई थी कि छत भरभराकर नीचे आ गिरी. गनीमत ये रही कि मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने अपने साथियों को तुरंत मलबे से निकाल लिया वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था. बता दें कि दोपहर के वक्त भिलाई सेक्टर थ्री के जनता पब्लिक स्कूल की नई बिल्डिंग में काम चल रहा था. छत की ढलाई में मजदूर जुटे थे. छत की ढलाई के लिए सेंट्रिंग तैयार की गई थी. मौके पर चार मजदूर खेमलाल निर्मलकर, केभू साहू, तेजराम निर्मलकर और राधिका काम पर लगे थे. छत पर आधा काम हो चुका था. तभी बिल्डिंग भरभराकर गिर पड़ी. छत पर काम कर रहे चार मजदूर मलबे में दब गए. सभी लोगों को अंदरुनी चोटें आई हैं. बहरहाल हादसे का जिम्मेदार कौन है अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है. फिलहाल ये संभावना जताई जा रही है कि ढलाई से पहले जो सेंट्रिंग बांधा गया था वो शायद कमजोर रहा होगा तभी छत का बोझ बिल्डिंग सह नहीं पाया और मलबा नीचे आ गिरा.

## कांग्रेस नेता और अधिकारी के काम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

**बिलासपुर,28 अप्रैल.**बिलासपुर में नगर निगम की जमीन पर बने अवैध काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलाकर उसे ढहा दिया गया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में निगम से जमीन लीज पर लेकर यहां पार्किंग के बगैर काम्प्लेक्स बनाया गया था। बस स्टाप की इस जमीन को बचाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा ने आंदोलन कर मुहिम छेड़ दी थी, जिसके बाद विधायक अमर अग्रवाल ने भी अवैध काम्प्लेक्स निर्माण की जांच कराने के निर्देश दिए थे। बता दें कि निगम की इस जमीन पर रसूखदार ठेकेदार ने कांग्रेस नेताओं से मिलकर निगम से औने-पौने दाम पर लीज पर लिया है। दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने निगम की जमीन को लीज पर बेचने का फैसला किया था। इसके तहत नूतन चौक पर ऑटो चालकों के लिए बने बस स्टैंड व सिटी बस स्टाप की जमीन को लीज पर दे दिया है।



दस्तावेजों के अनुसार जमीन को जबड़ापारा निवासी हरीश राठौर ने खरीदी है। लेकिन, इसमें कांग्रेस नेता और नगर निगम के एक अफसर का भी हिस्सा है। यही वजह है कि 2377 स्क्वेयर फीट जमीन को औने-पौने दाम में लीज पर दे दिया गया है। इस विवादित जमीन पर हरीश राठौर ने शॉपिंग कांप्लेक्स बनाने के लिए नगर निगम में नक्शे की मंजूरी के लिए आवेदन दिया। निगम ने 24 फरवरी 2023 को नक्शे को मंजूरी दी, लेकिन स्वीकृत नक्शे में तय की गई पार्किंग की जगह पर अवैध रूप से दुकानें बना ली गईं। इसके बाद नगर निगम ने 15 मार्च 2024 को अवैध कब्जा हटाने नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने नगर निगम में आवेदन देकर अवैध निर्माण के नियमितीकरण की मांग की, जिसे निगम ने खारिज कर दिया और 28 मार्च 2024 को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर अवैध निर्माण हटाने को कहा, ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

## राम कथा में श्रद्धालुओं को पहनाए बीजेपी के गमछे सरोज पांडेय को आयोग का शो कॉज नोटिस



**कोरबा,28 अप्रैल.** निर्वाचन आयोग ने कोरबा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग ने बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय को सोमवार 29 अप्रैल तक जवाब देने के निर्देश दिए हैं।पंक्तियों के लिखे जाने तक सुश्री सरोज पांडेय की ओर से आयोग को कोई जवाब नहीं पहुँचा है। चर्चित कथाकार बागेश्वर धाम मंदिर के पुजारी धीरेंद्र शास्त्री का एक दिवसीय रामकथा का आयोजन गोदरीपारा में आयोजित था। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और आगन्तुकों को बीजेपी के गमछे बाँटे और पहनाए गए।निर्वाचन आयोग के उड़नदस्ता और वीडियो निगरानी दल की वीडियोग्राफ़ी में यह प्रमाणित पाया गया है। कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भी निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत की थी कि,धीरेंद्र शास्त्री के इस राम कथा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय और छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों के फ़ोटो लगाए गए।फ़ोटो फ़्लेक्सी को नगर निगम चिरमिरी और नगरपालिका मनेंद्रगढ़ में कई सरकारी बिजली के खंभों में लगाया गया। निर्वाचन आयोग ने बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय को कारण बताओ नोटिस 26 को जारी किया है।उसमें लिखा है -यह परिलक्षित होता है कि,धार्मिक आयोजन की आड़ में राजनीतिक हित साधने का प्रयास किया गया है।लोकसभा क्षेत्र क्रमांक चार कोरबा-02 मनेंद्रगढ़ क्षेत्रांतर्गत मनेंद्रगढ़,खड़गंवा चिरमिरी के चौक चौराहों में शासकीय परिसंपत्तियों पर बीजेपी के अभ्यर्थी द्वारा श्री बागेश्वर धाम सरकार की फ़ोटो के साथ पोस्टर चस्पा कर राजनीतिक प्रचार प्रसार किया गया है।जो कि स्पष्टतया आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।क्यों न दिनांक 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा, चिरमिरी में आयोजित श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के कार्यक्रम को राजनीतिक प्रयोजनार्थ आयोजित कार्यक्रम मानते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रचार प्रसार में हुए व्यय को आपके राजनीतिक पार्टी के उपगत खर्च के व्यय लेखा में शामिल किया जाए तथा इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जावे।तत्संबंध में आप अपना पक्ष दिनांक 29 अप्रैल 2024 के पूर्व प्रस्तुत करें।

## पूर्व सभापति के फार्म हाऊस में विस्फोट, मजदूर के उड़े चिथड़े

**राजनांदगांव, 28 अप्रैल ।** डोंगरगांव के ग्राम जमसरार में बोर के समीप बारूद में ब्लास्टिंग होने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना सुबह 11 बजे की आसपास की है। जिला पंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के जामसरार (डोंगरगांव) स्थित फार्म हाऊस में बोर के पास जोरदार विस्फोट हुआ। बोर का तार बारूद से जुड़ा हुआ था। बारूद कहा से



आया अब तक स्पष्?ट नहीं हो पाया है। फार्म हाऊस में काम करने वाले एक मजदूर सुबह बोर को चालू करने गया तो जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके बाद हड़कंप मच गया। विस्फोट की गूंज दूर तक सुनाई दी। पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुँचकर मामले की जांच में जुट गए है। इधर, फार्म मालिक से भी पूछताछ शुरू हो गई है।

# सुरक्षा में सुधार से हुआ है निष्पादन में भी सुधार:दासगुप्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अप्रैल।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा, एनुअल बिजनेस पर्सपेक्टिव 2024-25 (एबीपी 2024-25) पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज 27 अप्रैल को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। संवाद सत्र के बाद भिलाई बिरादरी को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी को बीते वित्त वर्ष की सफलता और श्रेष्ठ उत्पादन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सब के मिलकर काम करने से हासिल हुई है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण में आप सब ने देखा कि थोड़ी सी कमी विभिन्न क्षेत्रों में रह गई है पर मुझे आशा है कि यह कमी हम इस वित्त वर्ष में पूरा कर लेंगे। उन्होंने बेहतर निष्पादन के लिए सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि जहां भी सुरक्षा में सुधार हुआ है वहां निष्पादन में भी सुधार देखने को मिला है। हाउसकीपिंग, सुरक्षा और इक्विपमेंट की उपलब्धता और आपसी संवाद आपके कार्य को बेहतर बनाता है। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा किसी व्यक्ति विशेष या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सब सुरक्षा वॉरियर है। हमें पसीने से इस्पात बनाना है खून से नहीं। उन्होंने कहा कि इस्पात निर्माण में खदानों की स्थिति महत्वपूर्ण है, यह हमारे लिए 'लक्ष्मी' है। उन्होंने खदानों से उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें नई खदानें भी प्रारंभ करनी है। शासन और सबके सहयोग से रावघाट में हम उत्पादन शुरू कर पाए हैं इसे हमे और बढ़ाना है। रावघाट से अयस्क मिलने से हमारी बहुत सी समस्याएं कम होंगी। संवाद सत्र में पूछे गये प्रश्न के उत्तर में संयंत्र के निदेशक प्रभारी दासगुप्ता ने कहा कि बाजार और मांग को ध्यान में रखते हुए आगामी वर्ष की उत्पादन योजना बनायी जाती है। रेल की मांग को देखते हुए हमने हेड हार्डेंड रेल को विकसित किया है। इसमें कड़ी मेहनत लगी है। हाल ही में हमने एक रैक भेजी है और शीघ्र ही एक और रैक रवाना करेंगे। उन्होंने चर्चा में कहा कि रेल की मांग को देखते हुए एक नयी रेल मिल बनाने की भी योजना पर विचार चल रहा है। पुराने रेल मिल को क्रमशः हटायेंगे। उन्होंने पर्यावरण के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम सभी मिलकर शपथ लें कि हम सब भिलाई की हरियाली को बढ़ाने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने जल की खपत को कम करने के लिए टाउनशिप के निवासियों से आव्हान किया कि सभी मिलकर प्रयास करें कि कम से कम जल का उपयोग करें। सर्वप्रथम संचालनकर्ता ने आयोजन को प्रतिपादित करते हुए संक्षिप्त विवरण दिया। इसी क्रम में संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, पीपीसी और वित्त एवं लेखा विभाग की ओर से क्रमशः प्रस्तुतीकरण दिये। संयंत्र द्वारा सुरक्षा मानक अपनाते हुए उत्पादन, उत्पादकता और लाभप्रदता बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों का विवरण दिया। सेफ्टी पर प्रस्तुतीकरण जूनियर ऑफिसर श्री अखिल मिश्रा, पीपीसी पर प्रस्तुतीकरण शंकरलाल और वित्त एवं लेखा विभाग पर प्रस्तुतीकरण उप महाप्रबंधक एच एस गिलहरे एवं सहायक प्रबंधक सुश्री निकिता केसवानी ने दिया। स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और भिलाई इस्पात संयंत्र हेतु वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न क्षेत्रों जैसे उत्पादन, अनुरक्षण तथा सुरक्षा के लक्ष्यों पर चर्चा की गयी। प्रस्तुतीकरण के बाद संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे द्वारा दिया गया।




## एक नजर

### बाइक स्लीप होने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**भिलाई 28 अप्रैल।** बाइक से स्लीप होकर गिरने से युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई घटना ग्राम सेलूद क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद निवासी योगेश कुमार वर्मा अपनी बाइक सीजी 07 सीके 5303 में सवार होकर पीछे नागेश्वर वर्मा को बिटाकर नेवई नर्मदा दुग्ध संगहण केन्द्र जाने के लिए निकला था सेलूद उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास रोड में बाइक स्लीप हो गई बाइक से गिर जाने से योगेश के सिर पर गंभीर चोट आई जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया परिवार में घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है जहां पर हादसा हुआ, सड़क जर्जर है जिसके कारण आए दिन घटना होती रहती है।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले महिला व पुरुष गिरफ्तार



**भिलाई 28 अप्रैल।** छावनी थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले महिला व पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों के कब्जे कुल 59 पौवा शराब जब्त की है पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस ने मुखबिर सूचना मिली जलेबी चौक प्रगति नगर दुर्गा मंदिर के पास कैम्प 01 में श्रीमती आशा सिंग नामक महिला एवं कोमल सिन्हा नामक व्यक्ति शराब बेच रहे है सूचना पर पुलिस की टीम घेराबंदी कर छापा मारा गया आरोपी श्रीमती आशा सिंग के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला व आरोपी कोमल सिन्हा के कब्जे से 29 पौवा देशी शोले प्लेन शराब बरामद की है।

### न्यायालय की मुहर का दुरपयोग करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई 28 अप्रैल।** फर्जी तरीके से ऋष्टा पुस्तिका के पन्ने में कूट रचनाकर न्यायालय के मुहर का दुरपयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि अजय कुमार साहू द्वारा आरोपियां शंकर नगर दुर्ग निवासी अल्का उके ने बुशरा कौशल के खिलाफ ज्ञानेन्द्र कुमार में अभियुक्त की ओर से जमानत के लिए ऋष्टा पुस्तिका को न्यायिक मजिस्ट्रेट पायल टोपनो के न्यायालय में पेश किया था आरोपी अल्का उके ने न्यायालय में अन्य प्रकरण 8515/2015 प्रगाति महिला के खिलाफ गुप्ते ताण्डी में इसी किताब में जमानत लिया था। उक्त किसान किताब में पूर्व जमानत का कोई उल्लेख नही है। किसान किताब में तहसीदार दुर्ग से जमानतदार को कोई डुप्लीकेट, नवीन किसान किताब जारी किए जाने का भी उल्लेख नहीं था महिला आरोपी द्वारा किसान किताब में पूर्व प्रकरण का मजिस्ट्रेट की सील मुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को नष्ट करने की न्यायालय की लिखित प्रतिवेदन पर कोतवाली दुर्ग में जुर्म दर्ज किया विवेचना दौरान आरोपी अल्का 27 अप्रैल को पुलिस ने गिरफ्तार किया पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि जमानत लेने के लिए किसान किताब में इंद्राज मजिस्ट्रेट की सील मुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को नष्ट किया।



### चोर ने की हैमर मशीन का सामान पार



**भिलाई 28 अप्रैल।** कुम्हारी थाना क्षेत्र अज्ञात चोर मील का बाउंड्री कुदकर गोदाम का ताला तोड़कर हैमर मशीन का सामान चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि शुभम कुमार साव (27 वर्ष) टाटीबंध कालोनी आमानाका रायपुर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम- कपसदा कुम्हारी में विजय मील में निर्माण का काम चल रहा था। इसमें हैमर मशीन को एसम्बल करने के लिए मील में रखे थे। 24 अप्रैल की रात 8 बजे मील बंद किया। अगले दिन सुबह सुरेश डहरिया ने फोन कर बताया कि मील का बाउंड्री कुदकर गोदाम का ताला तोड़कर अंदर से हैमर मशीन का सामान चोरी हो गया है। गोदाम से मशीन से ब्लेड 70 पीस, कपलिंग, पुल्ली, हैड ब्लोक, बैरिंग 9 पीस, वेल्डिंबग मशीन, इलेक्ट्रि क बैग, नट बोल्ड दो बाल्टी नहीं था चोरी हुए सामानों की कीमत 95000 रूपये बताई गई है।

### रोड किनारे बोरी में बंद मिली लाश की अब तक शिनाख्त नहीं

**भिलाई 28 अप्रैल।** नंदिनी थाना क्षेत्र एक अज्ञात महिला की हत्या कर उसके शव को बोरी में भरकर ग्राम-सगनी कोडिया खार रोड किनारे फेंका गया था पांच दिन बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं हुई है नंदिनी पुलिस दूसरे जिले की पुलिस से मदद ले रही है शव की पहचान हो जाने के बाद हत्याकांड मामले में पूरा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# तनाव खत्म करने का अच्छा तरीका है कि हम मुस्कराएं:अदिति दीदी

**रायपुर, 28 अप्रैल।** भारत में पहले कौशल उन्मुख विश्वविद्यालय के रूप में श्रेय प्राप्त एएएफटी जनसंचार एण्ड कला विश्वविद्यालय के छात्र व फैकल्टी मेम्बर्स के लिए कल शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में तनाव प्रबन्धन कला विषय पर व्याख्यान रखा गया।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि तनाव को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम मुस्कुराना सीखें। मुस्कुराते रहने से हम अस्सी प्रतिशत से अधिक बीमारियों से बच जाते हैं। इससे हमारे अन्दर का तनाव तो खत्म होता ही है साथ ही वायुमण्डल में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। एक बच्चा सारे दिन में तीन सौ से अधिक बार मुस्कुराता है। उसी प्रकार आप भी पद और पोजीशन भूलकर बच्चा बन जाइए तो तनावमुक्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि तनाव से आत्मा रूपी बैटरी डिस्चार्ज होती है। घर में यदि कलह-क्लेष है इसका मतलब है कि बैटरी डिस्चार्ज है। मेडिटेशन के माध्यम से परमात्मा को याद करने से हमें परमात्म शक्ति मिलती है। उन्होंने बतलाया कि यदि लगातार इक्कीस दिनों तक खराब रिलेशन वाले व्यक्ति को पाजिटिव वायब्रेशन दिए जाएं तो उसके प्रभाव से खराब रिलेशन भी ठीक हो जाते हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने तनाव से बचने का तरीका बतलाते हुए कहा कि हम सभी आत्माएं एक पिता परमात्मा की सन्तान होने के कारण आपस में भाई-भाई हैं। जब यह ईश्वरीय ज्ञान हमें मिल जाता है और हम सामने वाले को जो है, जैसा है, वैसा ही स्वीकार कर लेते हैं तो इससे अस्सी प्रतिशत झगड़ा समाप्त हो जाता है। आत्मा एक सूक्ष्म शक्ति है। वह शरीर के द्वारा कर्म करती है। हम सारे दिन में जितने भी लोगों के सम्पर्क में आते हैं उनके साथ हमारा कार्मिक एकाउण्ट बनता जाता है। जो कि हमें अपने जीवन में चुकाकर बराबर करना होता है। इसलिए जीवन में जब भी कोई विपरीत परिस्थिति आए, दुःख या संकट आए तो सदैव यह समझना चाहिए कि पिछले जन्म का हिसाब-किताब खत्म हो रहा है। इससे स्ट्रेस फ्री बने रहेंगे। कार्यक्रम में छात्रों के साथ डीन डॉ. साधना बागची, विभागाध्यक्ष डॉ. सोमनाथ साहू, डॉ. कमल उपाध्याय, डॉ. राकेश कुमार और कु. अकिशा मिश्रा आदि उपस्थित थे।



# स्व. जोगिंदर कौर की स्मृति में भेंट किया गया डेड बॉडी फ्रीजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अप्रैल।** सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थम फाउंडेशन जो कि सड़कों पर रह रहे बेसहारा बुजुर्ग एवं मानसिक रूप से विकसित लोगों को एक नई जिंदगी देने का समाज में अनुकरणीय कार्य पिछले कई वर्षो से करते आ रही है। सेवक जन फाउंडेशन के द्वारा डेड बॉडी फ्रीज़ मशीन दिया गया। इस फील परमार्थम आश्रम में मुक्ताजंलि सेवा सरदारनी स्व. जोगिंदर कौर की स्मृति में अमृत लाल जायसवाल सेवक जन फाउंडेशन के द्वारा फाउंडेशन के संयोजक विकास जायसवाल व एचटीसी के युवा डायरेक्टर व समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू व उनकी टीम की मौजूदगी में एक डेथ बॉडी फ्रीजर फील परमार्थम फाउंडेशन को भेंट किया गया। सेवक जन फाउंडेशन के संस्थापक विकास जायसवाल द्वारा युवा ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह व उनकी दादी का फोटो फ्रेम का स्क्रैच उन्हें भेंट किया गया। इस अवसर पर फील परमार्थम फाउंडेशन के संचालक अमित भाई, ट्रांसपोर्टर मलकीत सिंह, समाजसेवी अनिल सिंह, जोगा राव, मोहित अग्रवाल, अंजली सिंह, रूपल गुप्ता, सत्री, सोमेश राव, रोहित दुबे, अभिषेक सींग, सनी बंसोड, रितेश सहित बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद थे।



# भाजपा में शामिल हुए क्षेत्र के 50 से ज्यादा युवा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अप्रैल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम से प्रभावित होकर और दुर्ग लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल की सरलता, व्यवहार कुशलता, निष्ठा, ईमानदारी, लोकप्रियता से प्रभावित होकर आज शनिवार को 50 से अधिक युवा भाजपा में शामिल हुए। सांसद निवास सेक्टर 5 भिलाई में पहुंच कर रोहित सिंह युवा मोर्चा के नेतृत्व में 50 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। जिसमें सेवानिवृत्त डीएसपी एस एन सिंह सहित सभी भाजपा प्रवेश करने वाले स्टील कॉलोनी स्ट्रीट 50 वार्ड नं 60 दुर्ग के निवासी हैं।

पुर्व वैशाली नगर विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रहे रोहित सिंह ने अपने साथ कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता कांग्रेस को छोड़कर मोदी जी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किए। सांसद विजय बघेल जी ने सभी को भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल कराया और सब का स्वागत किया।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने कर्मचारियों को दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को 27 अप्रैल को इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र में अप्रैल 2024 में कुल 126 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसमें कुल 4 कार्यपालक, 117 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 5 सदस्य भी शामिल हैं। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं उप महाप्रबंधक शमशाद रजा, सहायक महाप्रबंधक मंगल प्रसाद साहू, वरिष्ठ प्रबंधक टी सत्यपाल तथा बलराम। संयंत्र के कार्मिकों को 30 अप्रैल 2024 को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया जाएगा।



# शांतिपूर्वक मतदान के लिए कलेक्टर ने सभी का आभार माना

**महासमुंद 28 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड, एन एस एस के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया है।कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को बखूबी निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी समाचारों को आम जनता तक पहुंचाने में मदद की। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है तथा नगरीय, पंचायत, सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थाएं एवं समूह जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग किया है।

## समाचार संक्षेप

### युवक की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 28 अप्रैल।** मोहन नगर थाना क्षेत्र युवक की हत्या कर शव को सुलभ शौचालय में फेंक कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 302, 201, 120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए दुर्ग सीएसपी चिराग जैन, मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि तितुरडीह नाया पारा दुर्ग निवासी शेखर उर्फ बंटी यादव की लाश सुलभ शौचालय में पड़ी मिली। लाश को देख सभी हार्ट अटैक से मौत होना संदेह जता रहे थे लाश का पीएम होने के बाद पुलिस घटना को गंभीरता से लिया जांच शुरु कर दी कई अहम जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तीन युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी प्रकाश उर्फ पप्पू, राधेश्याम उर्फ बुद्ध, महावीर उर्फ बातू यादव को पकड़ा गया पूछताछ करने पर युवकों ने पुलिस को हत्या करना स्वीकार किया। मृतक स्टेशन के पास स्थित सेव भंडार में हलवाई का काम करता था। साथ में केटरिंग का भी काम करता था। मृतक तीन लड़कों को अपने साथ रख काम करवाया था। जिसका पेमेंट करीब 5400 रुपए युवकों को देना था। लेकिन उसने युवकों को नहीं दिया था। आरोपियों को जानकारी लगने पर मृतक बंटी के काम के जगह पर

तीनों युवक पहुंच गए। रुपए मांगने पर युवकों को बंटी रुपए नहीं दे रहा था। युवकों के बंटी ने 1 हजार रुपए देकर वहां से भगा दिया। रुपए लेने के बाद आरोपी युवक रात में चारो गैंदी डबरी सुलभ के पास मैदान में जमकर शराब पीए। पीने के बाद तीनो ने रुपए की बात कहीं तो बंटी ने उनसे गाली गलौज कर दिया आक्रोश में आकर युवको ने बंटी पर हमला कर दिया

करना स्वीकार किया। मृतक स्टेशन के पास स्थित सेव भंडार में हलवाई का काम करता था। साथ में केटरिंग का भी काम करता था। मृतक तीन लड़कों को अपने साथ रख काम करवाया था। जिसका पेमेंट करीब 5400 रुपए युवकों को देना था। लेकिन उसने युवकों को नहीं दिया था। आरोपियों को जानकारी लगने पर मृतक बंटी के काम के जगह पर

तीनों युवक पहुंच गए। रुपए मांगने पर युवकों को बंटी रुपए नहीं दे रहा था। युवकों के बंटी ने 1 हजार रुपए देकर वहां से भगा दिया। रुपए लेने के बाद आरोपी युवक रात में चारो गैंदी डबरी सुलभ के पास मैदान में जमकर शराब पीए। पीने के बाद तीनो ने रुपए की बात कहीं तो बंटी ने उनसे गाली गलौज कर दिया। आक्रोश में आकर युवको ने बंटी पर हमला कर दिया पुलिस जांच में पता चला कि सुलभ के समीप एक मकान में सीसी कैमरा लगा हुआ है जिसका फुटेज निकाला गया तो तीनों युवक कैमरे में दिखाई दे रहे थे बंटी को उठाकर सुलभ के भीतर जाते दिखे उसके बाद पुलिस ने प्रकाश उर्फ पप्पू, राधेश्याम उर्फ बुद्ध, महावीर को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया घटना के बाद से तीनों युवक फरार थे मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय की टीम ने आरोपियों को खोज निकाला

### राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में आदर्श विवाह समारोह आयोजित



**राजिम 28 अप्रैल।** आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को दोपहर 3ः00 बजे राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में आदर्श विवाह समारोह साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के पदाधिकारीयो की एवं परिजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ वर चि. करण साहू पिताश्री मन्नू लाल साहू ग्राम परसदा जोशी जिला गरियाबंद एवं कन्या सौ. क. चेतना साहू पिता श्री गिरिराज साहू ग्राम गोजी नारी जिला धमतरी का आदर्श विवाह राजिम लोचन मंदिर परिसर में स्थित राजिम भक्तिन माता मंदिर के प्रांगण में आचार्य पंडित घनश्याम साहू एवं आचार्या श्रीमती यामिनी साहू के मंत्रउच्चारण से संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह में वर एवं वधु पक्ष के परिजन सहित साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू महासचिव लोकनाथ साहू रामकुमार साहू संगठन मंत्री तरुण साहू नारायण साहू परीक्षेत्र उपाध्यक्ष ललित साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीति साहू नगर साहू संघ अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, मनहरण साहू जीवन साहू योगेंद्र साहू नेहरू साहू नेतराम साहू लक्ष्मण साहू भीष्म साहू सहित ईष्ट मित्र एवं परिजन उपस्थित थे। आदर्श विवाह वर वधु के द्वारा राजिम भक्तिन माता की पूजा आरती किया गया। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से वर एवं वधु को शुभकामना पत्र प्रदान किया गया।

## एक नजर

### दुष्कर्म के फरार आरोपी को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** पीड़िता दिनांक 18.03.2024 को थाना मे आवेदन देकर युवक महेन्द्र कुमार साहू के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी कि अप्रेल 2023 में आरोपी पीड़िता को अकेल पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जुलाई 2023 में शादी करूंगा बोलकर भगाकर नागपुर ले गया और अब तेरे साथ शादी कौन करेगा कहकर उसका सगाई तुड़वा दिया और जान से मारने की धमकी दिया था। एफआईआर होने की सूचना पाकर आरोपी नागपुर में लुक छिप रहा था जिसे आज हिरासत में लिया गया। आरोपी युवक महेन्द्र कुमार साहू पिता मंगलदाल साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम जोशीलमती थाना गेंदाटोला जिला राजनांदगांव को दुष्कर्म की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

### मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** जिले के मतदान दलों ने विभिन्न मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर वापस आने पर मतदान दलों का स्वागत किया। उन्होंने शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने पर मतदान दलों को बधाई दी। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी हुई। मतदान दलों की वापसी का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा करने के लिए सभी काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी कर ली गई थी एवं मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई।

### युवा मोर्चा के नेता डब्बू चांडक ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया

**मोहला 28 अप्रैल।** राजनांदगांव लोकसभा चुनाव संम्पन्न होने पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डब्बू चांडक ने सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है, डब्बू चांडक ने कहा कि सभी



जेशष्ट श्रेष्ट कार्यकर्त्तागण, जिला पदाधिकारीगण, युवा मोर्चा कीटीम, महिला मोर्चा की टीम, समस्त मोर्चा के पदाधिकारीगण, बूथ के कार्यकर्त्तागण आप सबके संगठित प्रयास को सादर नमन है, आप सबको आभार, इस लोकसभा मे सभी ने संगठन की शक्ति देखी है, माँ छुरिया से प्राथर्ना है की हम सबकी मेहनत रंग लाये और इस बार मोहला मानपुर के मतदान से राजनांदगांव लोकसभा मे कमल खिले ये हम सबका उद्देश्य है।चांडक न कहा आप सबके अथक प्रयासों का दिल से आभार धन्यवाद ऐसे ही हम सब संगठित रहे एक हो कर मेहनत करे और हमारा संगठन और एकजुट प्रयास आगे भी निरंतर जारी है। चांडक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की पूरे देश मे लहर है साथ ही मोहला मानपुर विधानसभा में भी इस बार भी अत्यधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज कर राजनांदगांव लोकसभा से विजय होकर केंद्र में जाकर मोहला मानपुरवासियो के लिए विकास करेंगे, वनांचल मानपुर क्षेत्र में अब विकास की गाथाओं के साथ इस बार फिर भाजपा सरकार पूरे भारत मे चार सौ से ज्यादा सीटे हासिल कर इतिहास रचने भाजपा तैयार है ।

### बारातियों से भरी बस पलटल, 6 घायल



**भिलाई 28 अप्रैल।** उतई थाना क्षेत्र ग्राम डुंडेरा आ रही बारातियों से भरी बस पलट गई। बस में 18 लोग सवार थे सूचना पर उतई टीआई मौके पर पहुंचे पेट्रोलिंग टीम और ग्रामीणों की मदद से सभी को सकुशल निकाला गया। इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए। अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस ने लापरवाह चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की पुलिस ने बताया कि दुबे परिवार की बारात डुंडेरा से ग्राम रतन भाठ गई थी। शादी कार्यक्रम के बाद बस में 16 बाराती सवार हुए। चालक बस को लेकर सुबह डुंडेरा शनि मंदिर के पास पहुंचा। अचानक उसे झपकी आ गई। जिससे बस अनियंत्रित हो कर पलट गई। गनीमत इतनी रही कि बस रफ्तार में नहीं थी। बस में सवार बाराती कुलदीप दुबे, सतीष दुबे, गोपी गोस्वामी, मंजुदी साहू, बिनू तिवारी और चंद्र भूषण साहू घायल हो गए उतई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उनका उपचार कराया गया। इसके बाद उन्हें घर के लिए रवाला किया गया वहीं 12 लोग बाल-बाल बच गए बस काफी पुरानी है। बस के फिटनेस आदि की आरटीओ से रिपोर्ट मांगी गई है।

# स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

### 4 जून को होगी मतगणना



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** जिले में मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम में विधानसभावार ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। जिले में मतदान संपन्न हो गया है एवं मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ श्री उमेश पटेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव श्री मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण निर्वाचन होने पर कलेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त किया

**मोहला 28 अप्रैल।** कलेक्टर ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत राजनांदगाँव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिले के मतदाताओं ने बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक मतदान किया है। जिले में 77.09 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र और आंशिक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। निर्वाचन के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और राज्य एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों ने शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

# जिले में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव के लिए कलेक्टर ने सभी का आभार माना

**■ जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया**



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक निटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी जन को अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव जिले के अलावा कबीरधाम, खैरागढ़-गण्डई-छुईखदान, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी समाचारों को पर्याप्त महत्व दिया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है तथा नगरीय, त्रिस्तरीय पंचायत के सभी जन, सामाजिक संस्थाएं, उद्योग एवं वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े लोग, स्वयं सेवी संस्थाएं एवं अन्य सभी संस्थाए व समूह जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग किया है और अपनी सहभागिता निभाई है, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में दिनांक 16.03.2024 से 26.04.2024 तक अवैध शराब ब्रिकी एवं परिवहन की रोकथाम हेतु 181 आरोपियों के कब्जे से 1463.09 लीटर जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। अवैध गांजा के 04 प्रकरणों में 10 आरोपियों के कब्जे से 51.5 कि.ग्राम गांजा कीमती 437000/- (चार लाख सैंतीस हजार) रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। अवैध जुआ/सट्टा के रोकथाम हेतु 10 प्रकरणों में 39 आरोपी के पास 196,500/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान कही कोई गड़बड़ी न हो जिसके लिये थाना बागनदी, बोरतलाव, कल्लू बंजारी (छुरिया), बेंदारी (जोब) में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाया गया जिसमें जिला बल एवं एसएसटी व एफएसटी की टीम आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाई हुई है। थाना सोमनी, डोंगरगांव, घुमका एवं ओपी चिखली, सुरगी क्षेत्रों में नाकाबंदी पाइंट चेक लगाया गया है साथ ही 12 एसएसटी 12 फ्लाईंग स्काट 24 घंटे कार्यरत है जो आने जाने वाले तमाम वाहनों की निगरानी और चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान लोकसभा निर्वाचन को प्रभावित करने हेतु पैसा बाटने वालों के खिलाफ 04 प्रकरण में एफएसटी एवं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 28,00000/-रूपये, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 1,73,287/-रूपये एवं ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 300000/-रूपये कुल 32,73,287/-रूपये जप्त किया गया। मतदान के गोपनियता भंग करने वालों के खिलाफ विभिन्न थानों में की गई वैधानिक कार्यवाही जिसके तहत मतदान करते हुये अपना फोटो विडियों सोशल मीडिया प्लेफार्म (व्हाट्सप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, इत्यादि) में शेयर करने वालों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कानूनी कार्यवाही की गई।

# स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान केन्द्रों में किया सराहनीय कार्य

**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट गाईड के विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा। स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट गाईड के बच्चों ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर में बैठाकर, हाथ से सहारा देकर मतदान केन्द्र तक लाने का कार्य किया। इसके साथ ही कड़ी धूप को देखते हुए सभी मतदाताओं को ठंडा पानी पिलाने का काम भी किया। जिले के मतदान केन्द्रों में स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। स्काउट गाईड के छात्रों द्वारा मतदान के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

**■ भाजपा नेताओं ने कुछ दिन पहले कहा था कि दूसरे दल के नेताओं की हत्या नक्सली क्यों नहीं करते?**



**रायपुर 28 अप्रैल।** दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा की गई कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है।जोगा पोडियम लगातार नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे। नक्सलियों के द्वारा जब चुनाव बहिष्कार की गई तब भी जोगा पोडियम लोकतंत्र को बचाने के लिए आम मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे और नक्सलियों के बहिष्कार का विरोध कर रहे थे।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कई बार भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि नक्सली दूसरे दल के नेताओं की हत्या क्यों नहीं करते? और नक्सलियों ने कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की निर्मम हत्या कर दी। इस हत्याकांड के पीछे गम्भीर साजिश और षड्यंत्र नजर आ रहा है। 10 साल पहले भाजपा सरकार के दौरान जोगा पोडियम के बेटे की हत्या हुई थी। भाजपा सरकार के दौरान ही झीरम घाटी नक्सली षड्यंत्र हत्याकांड हुआ था जिसमें कांग्रेस के प्रथम पंक्ति के नेता एवं सुरक्षा में लगे जवानों की हत्या हुई थी। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में नक्सली वारदात बढे हुए हैं। नक्सली बेखौफ होकर आम जनता को डरा रहे हैं धमका रहे उनके साथ मारपीट कर रहे हैं उनकी हत्या कर रहे हैं और भाजपा सरकार आंख मूंद कर बैठी हुई है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जोगा पोडियम कि नक्सलियों के द्वारा की गई हत्या के पीछे जो षड्यंत्रकारी है उसे पकड़ने के लिए जांच की जाए और नक्सलियों को उकसाने वाले बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ भी कड़ी कानून कारवाई की जाये।

### सर्व सहमति से हुआ पदाधिकारियों का चयन

# श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक शाखा नगरी का गठन

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**नगरी 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन एवं धमतरी जिलाध्यक्ष रंजीत छाबड़ा, जिला प्रभारी ललित साहू के नेतृत्व में संघ को विस्तार देने नगरी ब्लाक के पत्रकार बंधुओं का बैठक रखा गया बैठक में नगरी ब्लॉक छग.श्रमजीवी पत्रकार संघ ईकाई गठन किया गया, 27 अप्रैल को हुए इस बैठक में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यों की विस्तृत जानकारी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शैलेन्द्र लाहौरिया को सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष ने ब्लाक के पदाधिकारियों के नामों का घोषणा किया गया जिसमें महासचिव धर्मेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष अभिनव अवस्थी, सचिव राजू पटेल, ब्लाक उपाध्यक्ष में उत्तम साहू, अशोक संचेती, जयलाल प्रजापति, मौर्यध्वज सेन, सदस्य के रुप में नारद साहू,जयकिशन साहू का मनोनयन किया गया। नगरी ब्लॉक के नवनियुक्त अध्यक्ष शैलेन्द्र लाहौरिया ने अध्यक्ष पद की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं पत्रकार साथी व आमजनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस दौरान नगरी ब्लॉक ईकाई के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी संकल्प लेते हुए अपना विचार साझा किया। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत छाबड़ा एवं जिला प्रभारी ललित साहू ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पत्रकार, एवं आमजनता की आवाज को बुलंद करने के साथ ही उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर धमतरी के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश जैन,विजय साहू , रुपेश साहू सहित पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नवनियुक्त अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों को नगर के विभिन्न राजनीतिक दल के नेता,सामाजिक सगंठन सहित नगरवासियों ने बधाई दी है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायपुर 20 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला भाटागांव 14 मतदान केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला चांगोराभाठा 14 मतदान केंद्र, पंडित सुंदरलाल शर्मा उत्तर माध्यमिक शाला लाखे नगर 7 मतदान केंद्र, डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह प्राथमिक शाला कुशालपुर 6 मतदान केंद्र, पटेल विद्या मंदिर महाराजगंज तालाब 6 मतदान केंद्र, शासकीय राधा भाई भाई नवीन कन्या महाविद्यालय मठपारा 5 मतदान केंद्र, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संतोषी नगर 7 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में पहुंचकर बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 5 से अधिक बूथ वाले मतदान केंद्रों का दौरा किया और केंद्रों में आवाजाही, लाइट, पंखा, पेयजल, टॉयलेट इत्यादि चीजों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को क़तार में खड़े रहने के बजाए बैठने के लिए बैंच रखने के निर्देश दिए गये हैं। मतदान केंद्रों में मतदान दल के ठहरने के इंतजाम को देख कर व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि मतदाता एवं मतदान दल के अलावा मतदान ड्यूटी पर लगे हर व्यक्ति को न्यूनतम समस्या, अधिकतम राहत दे सके इस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आरंभ



**रायपुर 28 अप्रैल।** राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा दिनांक 27 से 28 अप्रैल, 2024 तक आयोजित ÷स्व. श्री ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- प्रथम रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 आज सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आरंभ हुयी । उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव श्री विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी की प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत सचिव (राज्य वित्त आयोग), खेल विभूति पुरस्कार अवार्डी एवं इंटरनेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी डा. भरत अग्रवाल जी ने खेलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी जी ने किया एवं विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव श्री सार्थक शुक्ला जी थे। मंच पर राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर सचिव श्री विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक श्री अरुण बावरिया विशेष रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डा. भारत अग्रवाल जी ने संघ द्वारा टेबल टेनिस खेल के विकास हेतु इस तरह के आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों के स्तर में सकारात्मक सुधार लाने के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, सब जुनियर बालक एकल तथा सब जुनियर बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 04 वर्गों में आयोजित की जा रही है । प्रतियोगिता में कुल 55 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं।

### स्वीप की टीम ने लिखी सफलता की नई इबारत



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** स्वीप की टीम ने मतदान के प्रति जागृति लाने के लिए बेहतरीन कार्य करते हुए सफलता की नई इबारत लिखी है। जिले के दो ग्राम झाड़ीखेरी एवं हालडुला में ग्रामीणों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। स्वीप की टीम ने इन ग्रामों को चिन्हांकित कर वहां विशेष अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका असर यह रहा कि ग्राम झाड़ीखेरी में 82.79 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं ग्राम हालडुला में 84.83 प्रतिशत मतदान रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए सफलता के नये आयाम प्राप्त किए हैं। स्वीप की टीम द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किये गए। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। राजनांदगांव जिले में मतदान का प्रतिशत 80.14 रहा है।

### दो चरणों से स्पष्ट यह चुनाव, बदलाव का चुनाव है

**रायपुर 28 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर मे मोदी सरकार क़े खिलाफ माहौल है। दो चरण क़े मतदान से स्पष्ट हो गया कि यह चुनाव, बदलाव का चुनाव है। दोनों ही चरणों में इंडिया गठबंधन 80 प्रतिशत सीटें जीत रहा है। हार की सम्भावना से भाजपा के नेताओं के बोल बदल गए है। प्रधानमंत्री, कांग्रेस के खिलाफ स्तरहीन बयानबाजी पर उतर आये है। मोदी की बौखलाहट बता रही कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 20 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं।

## ड्रामा से भरा सप्ताह

एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में बताते हुये नन्हें अटल ने कहा, ''नीति अटल से मदद मांगती है और उसे विश्वास है कि अटल उसकी शादी करवाने के बजाए पढ़ाई करने में उसकी मदद करेगा। अटल नीति के माता-पिता से अनुरोध करता है, लेकिन नीति के पिता उसे दखल न देने और अपना मुंह बंद रखने के लिये कहते हैं और नीति को जबरदस्ती वहां से लेकर चले जाते हैं। इस बीच, आलोक को एक टर्मिनेशन लेटर (नौकरी से निकाले जाने का पत्र) मिलता है और उसमें लिखा गया है कि इसकी वजह अटल है। वहीं, दूसरी ओर नीति के माता-पिता उसकी शादी की तैयारियों में जुटे हैं, तभी अटल कृष्णा देवी और केशव के साथ वहां आता है। उसके हाथ में नीति का लिखा एक खत है, जिसमें नीति ने लिखा है कि यदि उसकी मजबूरन शादी कराई गई, तो वह कोई कड़ा कदम उठा लेगी। उसके इस खत से लड़के वालों का परिवार हक्का-बक्का रह जाता है। कृष्णा देवी, अटल और केशव के साथ नीति राम नवमी की पूजा करने के लिये उनके मोहल्ले में पहुंचती है। यह देखकर नीति के माता-पिता गुस्से में सुदर्शन त्रिपाठी की मदद मांगने के लिये जाते हैं। सुदर्शन त्रिपाठी एक कट्टर पंडित है और सामाजिक स्थिति, जाति और धर्म पर उसका नजरिया बेहद सख्त है। नीति के माता-पिता का अनुरोध सुनने के बाद, सुदर्शन त्रिपाठी नीति के तीन दोस्तों के हाथ बांधकर उन्हें लेकर अटल के मोहल्ले में पहुंचता है, जिससे राम नवमी की पूजा में अड़चन आ जाती है। वहां पहुंचने पर सुदर्शन त्रिपाठी नीति की शादी की घोषणा करता है और श्याम बिहारी को शादी समारोह शुरू करने का आदेश देता है। अटल इसमें दखल देने की कोशिश करता है, लेकिन सुदर्शन के आदमी उसे रोक देते हैं और सभी लोगों को चेतावनी देते हैं कि कोई भी इस मामले में बीच में न आए। नीति के रोने चिल्लाने पर भी सुदर्शन को कोई फर्क नहीं पड़ता और वह सुनिश्चित करता है कि अटल और वहां मौजूद भीड़ के सामने ही शादी संपन्न हो, जिससे सभी हैरान रह जाते हैं। क्या अटल नीति की मदद कर पायेगा और उसकी शादी होने से बचा पायेगा? अटल नीति के माता-पिता को उसकी पढ़ाई जारी रखने में मदद करने के लिये कैसे मना पायेगा?'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''मलाइका (सोनल पंवार), हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को सलाह देती है कि वह मामलों को संवेदनशीलता से निपटाये और बल का प्रयोग करने से बचे। एक परेशान महिला पुलिस स्टेशन आती है और बताती है कि उसके पति ने एक दूसरी औरत के लिये उसे छोड़ दिया है और उसे आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है। हप्पू उसकी जान बचाने के लिये अपना भेष बदलकर उससे दोस्ती कर लेता है। हप्पू उसका मूड अच्छा करने के लिये उसे लंच, मूवी और आउटिंग पर ले जाता है। इसके साथ ही हप्पू, राजेश (गीतांजलि मिश्रा) पर भी प्यार लुटाता है, जिससे कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) को शक होने लगता है। कटोरी अम्मा इस स्थिति के बारे में राजेश को चेताती हैं। उसी रात राजेश को हप्पू के शरीर पर वूमन परफ्यूम की खुशबू आती है और उसका शक बढ़ जाता है। गुस्से में आकर वह बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को यह बात बताती है और उसे हप्पू पर नजर रखने के लिये कहती है। राजेश की बात मानकर बेनी, हप्पू का पीछा करता है और उस औरत के साथ हप्पू की तस्वीरें खींच लेता है। बेनी, कटोरी अम्मा और राजेश को यह सबूत दिखाता है और वे दोनों हप्पू को उस औरत के साथ पकड़कर उसे चौंका देती हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में विभूति नारायण मिश्रा ने बताया, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) की आंटी विभूति (आसिफ शेख) को यूएसए में नौकरी का एक ऑफर देती हैं और अनीता खुशी से उनकी बात मान लेती है। हालांकि, विभूति को जाने में संकोच है, क्योंकि उसे लगता है कि उसके न रहने पर अंगूरी (शुभांगी अत्रे) आत्महत्या कर लेगी। विभूति मदद के लिये तिवारी (रोहिताश्व गौड़) के पास जाता है और उम्मीद करता है कि वह अनीता को समझाये। लेकिन तिवारी तो अनीता को प्रोत्साहित करता है कि वह विभूति को यूएसए भेज दे। इससे परेशान होकर विभूति, डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) से सलाह मांगता है और वे कहते हैं कि उसे कुछ चौंकाने वाले कदम उठाने चाहिये, जैसे कि कोई अपराध, ताकि उसका वीजा अप्रूवल न हो सके। तिवारी उनकी बात सुन लेता है और दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को सचेत कर देता है कि चाहे विभूति कुछ भी करे, लेकिन वह कार्यवाही न करे। टीका (वैभव माथुर) और टिल्लू (सलीम ज़ैदी) से विभूति की झड़प होने के बावजूद हप्पू उनकी शिकायत नहीं लेता है।



## बड़े पर्दे पर बॉलीवुड स्टार्स के साथ टीवी सितारों ने दिखाया अपना जलवा

टेलीविजन सितारे अपने अनूठे अंदाज में विभिन्न किरदारों को पर्दे पर साकार कर दर्शकों का ढेर सारा प्यार एवं तारीफें बटोरते हैं। एक ओर, जहां दर्शक अपने पसंदीदा एक्टर्स को देखने के लिये बेताब रहते हैं, वहीं दूसरी ओर टीवी कलाकार भी अपने प्रशंसकों को खुद से जोड़ने के लिये हर संभव प्रयास करते हैं। हाल ही में एण्डटीवी के कलाकारों-नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा) और योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) ने बॉलीवुड के नामचीन सितारों के साथ फिल्मों की शूटिंग की। अजय देवगन और तब्बू अभिनीत फिल्म 'दृश्यम 2' में अपनी भूमिका के बारे में बताते हुये नेहा जोशी ने कहा, ''जिसे आप बड़े पर्दे पर देखते रहे हैं और पसंद करते हैं, उनके साथ आखिर कौन स्क्रीन शेयर करना नहीं चाहेगा? मैं तब्बू और दृश्यम की हमेशा से ही बहुत बड़ी फैन रही हूं। जब इसके सीक्वेल में भूमिका निभाने का मुझे ऑफर दिया गया, तो मैंने तुरंत हाँ कह दिया। 'दृश्यम 2' में एक अंडरकवर कॉप का किरदार निभाना एक संतोषदायक अनुभव था और जब दर्शकों से इस किरदार के लिये मुझे तारीफें मिलीं, तो लगा जैसे मैंने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। मुझे याद है कि जब तब्बू मैम मेरे पास आईं थी, तो उन्होंने मुझे गले लगा लिया था और मेरी बहुत तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि मेरे साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और उनकी यह बात सुनकर मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। चूंकि, मैं तब्बू की बहुत बड़ी फैन हूं, उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। मुझे यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि मेरे प्रशंसकों को फिल्म देखकर बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि अपने टेलीविजन दर्शकों का मनोरंजन करते हुये मैं ऐसे ही कई और प्रोजेक्ट्स पर काम करती रहूंगी।''



हालांकि, बड़े पर्दे पर अक्सर नामचीन सितारों पर ही मुख्य फोकस रहता है, लेकिन एक अन्य प्रतिभाशाली अभिनेता, योगेश त्रिपाठी इन सबके बीच अपनी पहचान बनाने के लिये तैयार हैं। फिलहाल दरोगा हप्पू सिंह का किरदार निभा रहे योगेश जल्द ही आर माधवन और नील नितिन मुकेश के साथ आगामी फिल्म 'हिसाब बराबर' में एक रिपोर्टर के रूप में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आयेंगे। उन्होंने हाल ही में सेट पर एक तस्वीर खींची और अपने इंस्टाग्राम पर इसे शेयर किया। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य हमेशा से ही लोगों का मनोरंजन करने वाले प्रोजेक्ट्स पर काम करना रहा है, फिर चाहे प्लेटफॉर्म कोई भी हो। मैं फिलहाल अपने किरदार एवं फिल्म के बारे में तो ज्यादा नहीं बता सकता, लेकिन इसके लिये मैं बेहद उत्साहित हूं।'' आसिफ शेख, जो कि एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, आखिरी बार सलमान खान अभिनीत फिल्म किसी का भाई किसी की जान' में नजर आये थे, ने कहा, ''मुझे कई फिल्मों में काम करने का सौभाग्य मिला है, लेकिन उन सभी में सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में काम करना मेरे दिल में एक खास जगह रखता है।

## अटल ने मनाया टीवी पर 100 एपिसोड पूरे होने का जश्न

एण्डटीवी के शो अटल के लिये यह जश्न मनाने का मौका है, क्योंकि इसके 100 एपिसोड पूरे हो चुके हैं! यह शो दिसंबर 2023 में लॉन्च हुआ था और इसकी कहानी भारत में ब्रिटिश उपनिवेशक साम्राज्य के परिदृश्य में गढ़ी गई है। यह शो भारत के



भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को गढ़ने वाले वर्षों पर आधारित है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिये शो के कलाकारों नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी), व्योम ठक्कर (नन्हा अटल), आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी), मिलिंद दस्ताने (श्याम लाल वाजपेयी), प्रचिती अहिराव (विमला), आदि ने 100 एपिसोड्स पूरे होने के अपने सफर को याद किया। 100 एपिसोड पूरे होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''100 एपिसोड पूरे करना हमारे लिये एक बड़ा पल है और हम बेहद रोमांचित हैं। सबसे पहले तो शो को अटूट प्यार और समर्थन देने के लिये हमारे दर्शकों का धन्यवाद। और मेरे साथी कलाकार तथा पर्दे के पीछे मौजूद क्रू भी धन्यवाद के पात्र हैं, क्योंकि उनके निरंतर समन्वय और कड़ी मेहनत से यह संभव हुआ है। इस सफर ने मुझे एक्टर के तौर पर तरह-तरह की भावनाओं को जीने के ढेरों मौके दिये हैं और इस उपलब्धि को लेकर मैं बेहद आभारी हूं। दर्शकों से मिला प्यार बड़ा ही सुखद रहा और उससे हम सभी प्रेरित हुए हैं। हम हाल ही में अपने शो की सफलता का आशीर्वाद लेने और राम नवमी मनाने के लिये अयोध्या के राम मंदिर गये थे। वहाँ अपने प्रशंसकों से मिले प्यार ने हमें गदगद कर दिया, क्योंकि उन्होंने हमारे शो और किरदारों की बहुत तारीफ की।

## गर्मी में परफेक्ट फैशन के लिये सितारों ने दिये वार्डरोब में नयापन लाने के सुझाव

चिलचिलाती गर्मी में अपनी वार्डरोब में भी नए सिरे से बदलाव लाने की जरूरत होती है। टीवी सेलेब्रिटीज केवल ट्रेंड्ज़ को फॉलो ही नहीं करते, बल्कि अपने बेहतरीन फैशन से नए-नए ट्रेंड्स सेट भी करते हैं। ये सेलेब्रिटीज गर्मियों के लिये अपने आरामदेय, शानदार, फैशनेबल और भरोसेमंद कलेक्शन के बारे में बता रहे हैं। एण्डटीवी के इन सितारों में शामिल हैं विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, 'अटल')।

भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाबी, ऊर्फ विदिशा श्रीवास्तव ने बताया, "यह समर फैशन की आजादी को गले लगाने का वक्त है! गर्मियों में मुझे ढीली-ढाली ड्रेसेस, हवादार रॉम्पर्स और कॉटन या लिनेन जैसे मुलायम फैब्रिक से बने शॉर्ट्स पहनने का बहुत शौक है। गर्मियों में पेस्टल एवं भड़कीले रंगों का जादू सिर चढ़कर बोलता है और इस मौसम में आप अपनी वार्डरोब में रंग-बिरंगे परिधानों को शामिल कर सकते हैं। और उन शामों के लिए जब हवा में हल्की ठंडक होती है, तो आप एक प्यारा सा किमोनो या हल्के कार्डिगन पहन सकते हैं। यह खुद को ढंकने के लिए एकदम सही विकल्प होता है। अपने पहनावे को स्टेटमेंट सनग्लासेस से पूरा करें, निश्चित रूप से आप इससे आने वाले एडवेंचर के लिए तैयार रहेंगे और गर्मी से बचने के लिए एक हैट जरूर पहनें। साथ ही नाजुक गहने पहनकर हर पल का आनंद उठाएं। मेरे लिए, गर्मियों का स्टाइल सिर्फ कपड़ों के बारे में नहीं है- यह आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने और आपकी त्वचा को आराम देने के बारे में है। यह मौसम की भावना के सार के प्रदर्शित करने का तरीका है।"



'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, "मेरे लिये समर फैशन का मतलब आजाद होकर जीने से है। मैं ढीले पैंट और हवादार कॉटन शर्ट पहनती हूँ। वे हर कदम के साथ लहराते हैं और गर्मियों के मुताबिक होते हैं। स्लिपर्स पहनने के बाद अचानक ही आप दिन या रात में भी एडवेंचर के लिये तैयार हो जाएंगे। समर फैशन को सिर्फ कपड़े नहीं, बल्कि एक्सेसरीज़ भी पूरा करती हैं। गहरे रंग के सनग्लासेस तेज धूप वाले दिनों में भी लुभाते हैं, जबकि ताजगी देने वाले फ्रैगरेंस से गर्मी का पता ही नहीं चलता है। ये ऐसा खुशनुमा माहौल बनाते हैं, जो गर्मी की हवा में भी टिका रहता है। और फिर दिन ढलने के बाद शाम को एकदम अलग लुक सेट करना चाहिये। लेगिंग्स से दिन तो कूल रहता ही है, रातें भी प्यारी लगती हैं। यह आराम और अंदाज़, दोनों के लिये होती हैं और गर्मी की एक और शानदार शाम की शुरूआत का संकेत देती हैं।" 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी, ऊर्फ नेहा जोशी ने बताया, "गर्मियों का फैशन आरामदायक और स्टाइलिश होना चाहिये। हर कपड़ा आसानी से आपकी शान बढ़ाने वाला होना चाहिये। मेरे वार्डरोब में हल्के और शानदार कपड़े होते हैं, जैसे कि कॉटन के हवादार सूट, लहरदार साड़ियाँ और कुर्तियाँ। कॉटन या लिनेन से बनी पैंट सदाबहार खूबसूरती दे सकती है। इसके अलावा, मैक्सी ड्रेस आपको लचीलेपन का एहसास देती है। गर्मियों के कपड़े सिर्फ कपड़े नहीं होते हैं, उनके रंग खुशी को जाहिर करते हैं और धूप वाले दिनों तथा गर्म रातों को बयां करते हैं। गर्मियों में आराम और अंदाज़, दोनों का मिलन होता है और हर लुक का अपना एडवेंचर और राहत होती है। गर्मी के मौसम में हवा का बहाव भी हमारा दोस्त बन जाता है।"

## हम हर सीन में प्रमाणिकता लाना चाहते हैं : माहिर पांधी

सोनी सब का शो 'वंशज' महाजन परिवार के भीतर के तीव्र संघर्षों को प्रदर्शित करता है, जो मुख्य रूप से विरासत संबंधित विवादों पर केंद्रित है। इस पारिवारिक विवाद का केंद्र दिग्विजय उर्फ डीजे (माहिर पांधी) है, जो युविका (अंजलि तत्रारी) से विरासत की जंग लड़ रहा है। स्क्रीन पर चल रहे रहे गंभीर ड्रामा के बीच, पर्दे के पीछे पांधी अलग तरह की गर्मी का सामना कर रहे हैं। हाल ही में, एक शूटिंग सीक्वेंस के दौरान, माहिर ने अपनी भूमिका निभाने में प्रामाणिकता लाने के लिए ऊनी कपड़े पहनकर उम्बरगांव की चिलचिलाती गर्मी का सामना किया। चिलचिलाती धूप के बावजूद, माहिर अपनी कला के प्रति समर्पित रहे और उन्होंने एक आउटडोर लोकेशन में बेहद नाटकीय सीन्स की शूटिंग की। यह समर्पण न केवल पांधी की अपने किरदार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी उजागर करता है कि कलाकार सबसे चुनौतीपूर्ण हालातों में भी अपनी भूमिकाओं के भाव को दर्शाने के लिए क्या-क्या नहीं करते। वंशज में दिग्विजय की भूमिका निभा रहे माहिर पांधी ने कहा, "हम शो की शूटिंग उमरगांव में कर रहे हैं, जो गुजरात में है। गुजरात में मौसम बेहद गर्म है, जबकि हमारी कहानी के अनुसार, मौसम थोड़ा ठंडा होना चाहिए, क्योंकि महाजन परिवार उत्तरी भारत में रहता है। कुछ महत्वपूर्ण सीन्स की शूटिंग के दौरान मुझे वेस्ट, ब्लेज़र और ऊनी पैंट के साथ थ्री-पीस ऊनी सूट पहनना था। कलाकार होने के नाते, हमें यह सुनिश्चित करना होता है कि हम अपने हर सीन में प्रामाणिकता लाएं। हम कुछ दिनों से गर्मी में आउटडोर शूटिंग कर रहे हैं। मैं यह स्वीकार करूंगा कि ऐसी गर्मी में इतने मोटे कपड़े पहनना और साथ ही स्क्रीन पर अच्छा भी दिखना आसान नहीं है। यह मुश्किल काम है लेकिन हमारे जीवन का हिस्सा है और इसलिए, मैं इस चुनौती का सीधे सामना कर रहा हूं।"



## 'अटल' में एक्टर माधव अभ्यंकर निभाएँगे खलनायक 'सुदर्शन त्रिपाठी' का किरदार

एण्डटीवी के 'अटल' में एक नया विलेन आने वाला है, जिसका नाम सुदर्शन त्रिपाठी है। अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कई सफल मराठी शोज और नाटकों में काम कर चुके माधव अभ्यंकर को यह महत्वपूर्ण किरदार अदा करने के लिये चुना गया है। एक विरोधी किरदार के रूप में उनकी भूमिका नन्हें अटल (व्योम ठक्कर) के जीवन में नई बाधाएँ और चुनौतियाँ लेकर आएगी। सुदर्शन त्रिपाठी की भूमिका निभा रहे माधव अभ्यंकर ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, "शो में मेरे किरदार का नाम होगा सुदर्शन त्रिपाठी, जो एक बेहद सख्त पंडित है। वह सामाजिक स्तर, जाति तथा धर्म पर बेहद रूढ़िवादी विचार रखता है।



परंपरा और सिद्धांतों को लेकर सुदर्शन कट्टर है। वह रूढ़ियों को बनाये रखने और नैतिकता को सबसे ज्यादा महत्व देता है। वह युगों पुराने रिवाजों, मान्यताओं और आचरण पद्धति से प्रेरणा लेता है, जो कि पीढ़ियों से चली आ रही हैं। ग्वालियर के समाज का माननीय अध्यक्ष होने के नाते वह व्यवस्था बनाये रखने, संस्कृति के संरक्षण और नैतिक मानकों को प्राथमिकता देता है। उसे लगता है कि उसके सिद्धांतों का पालन होना ही चाहिये। ब्रिटिश अधिकारियों और स्थानीय राजपरिवार के साथ उसके करीबी संबंध उसे दोनों के लिये ही महत्वपूर्ण बनाते हैं। दर्शक मेरे पिछले विरोधी किरदारों से परिचित होंगे, लेकिन एण्डटीवी के 'अटल' में सुदर्शन त्रिपाठी का किरदार ज्यादा तगड़ा है। मुझे लगता है कि वह दर्शकों को एक नया नजरिया देगा।" कहानी में अपने किरदार के आने पर संक्षिप्त में जानकारी देते हुए, उन्होंने आगे कहा, "शो में मेरा आना संयोग से राम नवमी के अवसर पर हुआ है। नीति, जिसने पढ़ाई जारी रखने और शादी से बचने के लिये अटल की मदद माँगी है, वह राम नवमी पूजा के दौरान कृष्णा देवी और अटल के साथ उनके मोहल्ले में आएगी। नीति के माता-पिता सुदर्शन त्रिपाठी से मदद माँगते हैं। वहाँ पहुँचकर सुदर्शन त्रिपाठी बिलकुल भी समय नहीं गँवाता है। वह तुरंत शादी की तैयारियाँ शुरू करने का आदेश देता है।

## "दिनकर" की कालजयी रचना रश्मिरथी का सफल मंचन



सुरभि ,बेगूसराय ,बिहार की प्रस्तुति रामधारी सिंह "दिनकर" की कालजयी रचना रश्मिरथी का सफ़ल मंचन किया गया। खण्डकाव्य रश्मिरथी के प्रथम सर्ग से लेकर सप्तम सर्ग तक पूरे रश्मिरथी का सफ़ल नाट्य मंचन एकल अभिनय के साथ प्रतिभाशाली अभिनेता हरीश ने किया। प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शकों ने एक प्रभावशाली नाट्य मंचन के रूप में पूरे नाट्य प्रस्तुति को ख़ूब सराहा और अभिनेता हरीश के सशक्त अभिनय कार्य को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मान दिया। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की कालजयी रचना 'रश्मिरथी' में दिनकर जी ने सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को नये सिरे से विश्लेषण किया है। चाहे गुरु-शिष्य के पवित्र सम्बन्धों के बहाने हो, या अविवाहित मातृत्व के बहाने, धर्म के बहाने हो, चाहे छल-प्रपंच के बहाने। इतना ही नही युद्ध में भी मनुष्य के ऊँचे गुणों की पहचान के प्रति ललक का काव्य है 'रश्मिरथी'। दिनकर कहते हैं जन्म-अवैधता से कर्म की वैधता को नष्ट किया जाना अनुचित है। अपने कर्मों से मनुष्य महान बनता है और उसी एक ही जीवन मे एक और जन्म ले लेता है। क्योंकि मात्र व्यक्ति बन जीवित रहने से बेहतर है व्यक्तित्व बन अमर हो जाना, व्यक्ति मर जाता है किंतु व्यक्तित्व कभी नही मरता, हमेशा संस्मरण में वह अमर रहता है। अतः मनुष्य का मूल्यांकन उसके वंश से नहीं, उसके आचरण और कर्म से ही किया जाना न्यायसंगत है। उक्त काव्यखण्ड में यह भी वर्णित है कि प्रतिभाएँ यदि कुण्ठित हो जाए तो समाज और राष्ट्र को विनाश की खाई में ढकेल देती हैं, इसलिए योग्य प्रतिभा को जन्म, कुल, जाति आदि के नाम पर प्रताड़ित एवं कुण्ठित करना समाज एवम राष्ट्र के लिए दुर्भाग्य का मार्ग प्रसारित करना होता है। 'रश्मिरथी' में राष्ट्रवाद के साथ-साथ दलित मुक्ति चेतना का भी स्वर है। कर्ण के चरित्र का उद्धार एक तरह से नई मॉनवता की स्थापना का ही प्रयास है।। गौरतलब हों की आयोजक संस्था द पुअर थिएटर कंपनी एक गैर लाभकारी संगठन है। जो थिएटर प्रोग्रामिंग, सामाजिक जागरुकता और सकारात्मक सलाह, प्रदर्शन कला, मनोरंजन और संस्कृति गतिविधियां दर्शकों व कलाकारों के लिए समय-समय पर मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य मुंबई में काम करने वाले देश के विभिन्न शहरों से आए रंगकामियों को फिर से थिएटर से जोड़ने के लिए जो अपने पेशे के अलावा रंगकर्म करना चाहते हैं, उन्हें उचित स्थान देने के लिए ही इस संस्था का गठन किया गया है। मंच संचालन जंयत गाडेकर (रानावि) ने किया तथा प्रकाश संयोजन - संजय सोनु (रानावि) और वाद्य वादन - सदा मल्लिक ने किया। मंच व्यवस्था - आशुतोष दुबे ने किया। आयोजक द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथि में वरिष्ठ रंगकर्मी सह सिने अभिनेता श्री संजय मिश्रा , श्री विनीत कुमार , श्री हेमंत पांडेय, श्री दीपराज राणा, श्री विनीत शर्मा , श्री श्याम पाठक उपस्थित रहे। द पुअर थिएटर के श्री दुर्गेश कुमार , श्री हिमांशु तलरेजा ने सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।ज्ञात हो कि सुरभि बेगूसराय ने विगत 15 अप्रैल 24 को इसी सभागार में नट रंगभूमि थिएटर सोसाइटी के श्री मनीष शिर्के जी के आयोजन में इसी "रश्मिरथी" एकल नाटक की प्रथम प्रस्तुति करवाई थी जिसके मुख्य अतिथि सिने अभिनेता श्री दीपक काजीर केजरीवाल तथा श्री रवि झांकल जी थे और अतिथियों के हाथों प्रस्तुति में शामिल सभी कलाकारों को नट रंगभूमि द्वारा प्रशंसा-पत्र दिया गया था

## कलाकारों के पसंदीदा डांस!

डांस या नाचना एक कलात्मक अभिव्यक्ति है, जिसके साथ लोग अपनी भावनाएं और बयान जाहिर करते हैं। यह मुक्त होकर संवाद करने के तरीकों में से एक है। हर साल 29 अप्रैल को दुनियाभर के लोग इंटरनेशनल डांस डे मनाने के लिये एकजुट होते हैं। इसमें नृत्य के महत्व को सम्मान दिया जाता है और उसके विविध रूपों को समझा जाता है। इसके बारे में बात करते हुए, एण्डटीवी के कलाकार अपनी पसंदीदा नृत्य शैलियों के बारे में बता रहे हैं, जो तंदुरुस्त रहने में उनकी मदद करती हैं। इन कलाकारों को डांसिंग में बड़ा मजा भी आता है। यह कलाकार हैं प्रचिती अहिराव (विमला बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'अटल' में विमला बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं प्रचिती अहिराव ने बताया, ''मुझे डांस करना पसंद है, क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है। यह मेरी जिन्दगी का एक अटूट हिस्सा है। डांसिंग ने मुझे अपने भीतर संतुलन लाना सिखाया है। इससे मुझे अनुशासन, खूबसूरती और उत्कृष्टता बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। डांसिंग से मुझे ताजगी मिलती है और मेरा मूड इतना अच्छा हो जाता है, जितना और किसी चीज से नहीं होता। मैंने कथक का प्रशिक्षण लिया है। यह एक तरह का नृत्य होता है, जिसमें थियेटर और स्टोरीटेलिंग होती है। इसलिये कथक निश्चित तौर पर मेरे पसंदीदा नृत्यों में से एक है। उसके द्वारा मैं जटिल भावनाएं व्यक्त कर सकती हूँ और गूढ़ मुद्राओं तथा चेहरे की अभिव्यक्तियों से कहानियाँ कह सकती हूँ। मैं सुंदर चेष्टाओं, कदमताल और चेहरे की सौम्य अभिव्यक्तियों में निपुण होकर एक बेहतर स्टोरीटेलर बन गई हूँ। कथक में इनकी जरूरत होती है। कथक मुझे मानसिक शांति और सकारात्मकता देता है और मुझे आनंद मिलता है। इंटरनेशनल डांस डे पर मैं उम्मीद करती हूँ कि हर कोई डांस से मिलने वाली खुशी का अनुभव करे। लोग तरोताजा होकर अपनी चिंताओं को भूल जाएं।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''बचपन में मुझे डांसिंग से बड़ा मजा आता था। मेरी बहन और मैं टीवी पर अपने पसंदीदा गाने देखते थे और मूव्स को कॉपी करने की कोशिश में रहते थे। डांस के लिये मेरा प्यार इस तरह शुरू हुआ। मैं पेशेवर डांसर नहीं हूँ, लेकिन खूबसूरती से डांस कर सकती हूँ, खासकर फ्रीस्टाइल और बॉलीवुड स्टाइल में। एक्टर होने के नाते मुझे विभिन्न नृत्य करने के अवसर मिले हैं, जैसे कि तांडव, गरबा, लावणी, आदि। डांसिंग ने मुझे हमेशा जिन्दगी के तनावों से दूर होने का एक तरीका दिया है।

# शासकीय कार्यालयों को सुव्यवस्थित कर योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन:कलेक्टर

- बिना पूर्व अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित रहने वालों को जारी करें स्पष्टीकरण
- कार्यालय निरीक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर ने किया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 28 अप्रैल।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन के मतदान उपरांत कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ विभागीय दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया है। कलेक्टर स्वयं कार्यालयों का निरीक्षण दौराकर निर्देशों के पालन का जायजा ले रहे है।कार्यालय निरीक्षण के आज दूसरे दिन कलेक्टर ने शहीद पार्क चौपाटी के पास स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी भी हैं। निरीक्षण के दौरान सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किए कि कार्यालय परिसर को सुव्यवस्थित कर शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। साथ ही बिना पूर्व अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित रहने वालों को स्पष्टीकरण जारी भी करें। कलेक्टर ने कार्यालय के प्रथम तल में कार्यालय को व्यवस्थित कर कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था और द्वितीय तल में सभाकक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी बैंक एवं प्राधिकृत अधिकारी के कक्ष को बेहतर करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने सहकारी बैंक के लोन वितरण की स्थिति, लोन वसूली की स्थिति, इंटरेस्ट के आधार पर तिमाही प्रगति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुराने रिकॉर्ड को सुनियोजित संधारण कर रखने, कार्यालय में साफ सफाई रखने और अनुपयोगी सामानों को विधिवत अपलेखन की कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ केएस ध्रुव सहित सहकारी बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कोरबा सांसद की निष्क्रियता व भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त : सरोज

**कोरबा 26 अप्रैल।** बुधवार को कोरबा संसदीय क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार डॉ सरोज पांडेय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम में कई विधानसभाओ का दौरा की, इस दौरान उन्होंने जिले के पाली-तानाखार विधानसभा के कई जगहों में अपनी जनसभाएं की, जनसभा में सरोज पांडेय ने जनता से संवाद करते हुए केंद्र की मोदी सरकार की अनेक योजनाओं को गिनाया एवं धरातल में ज्यादा से ज्यादा हितग्राही बनने की बात कही। साथ ही उन्होंने कोरबा लोकसभा की वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी सांसद को जनता ने चुनकर विश्वास किया लेकिन जनता के साथ सांसद ने छल किया। वह ज्योत्सना महंत पर तीखे प्रहार करते हुए कहा की कांग्रेस समेत कोरबा की सांसद ने एक ही झटके में कोरबा की जनता के पैसों में भ्रष्टाचार करके अपना विकास किया और जनता के प्रति विश्वासघात किया। कांग्रेस सांसद ने कोरबा की जनता का बोट लेकर लोकसभा को विकास से वंचित रखा और जनता के बीच 5 साल उनके सुख दु:ख से भी दूर रही, लेकिन जानता ऐसी निष्क्रिय व भ्रष्टाचारी सांसद को आगामी चुनाव में सबक जरूर सिखाएगी। बीजेपी नेत्री सरोज पांडेय ने अलग अलग जगहों में अपने जनसंवाद कार्यक्रम की इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ही सुरक्षा व सुशासन की सरकार है, देश के प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश की 140 करोड़ जनता ही हमारा परिवार यानी कि श्मोदी का परिवार हैश् सुश्री पांडेय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश भर में हर क्षेत्र में विकास के नए नए आये आयाम खड़े हुए है, देश की मोदी सरकार ही सर्व हितैषी व सर्व जनकल्याणकारी सरकार है। सरोज पांडेय ने जनता से अपील की कि वह एक बार फिर प्रधानमंत्री को देश की कमान सौंपें जिससे देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सके।

### कोचिंग के लिए निकले छात्र की बस की चपेट में आकर मौत

**कोरबा 27 अप्रैल।** कोचिंग जाने निकले एक्टिवा सवार एक छात्र बस के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शहर के अंदर निहारिका क्षेत्र में हुई। दुर्घटनाकारी बस बाराती लेने रजगामार की ओर जा रहा था। डिवाइडर के बीच के रास्ते सड़क पार करने के प्रयास के दौरान बस के सामने छात्र आ गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाराणा प्रताप नगर निवासी विद्यार्थी अंकित पांडेय 17 वर्ष एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। कालोनी से होकर निहारिका क्षेत्र में रवि डेयरी के पास डिवाइडर वाले रास्ते से सड़क पार कर रहा था, इस बीच ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से रजगामार की ओर जा रही हनुमान कंपनी की बस बाराती लेने जा रहा था। कोरबा- बिलासपुर के मध्य चलने वाली यह बस बारात के लिए बुक हुई थी। एक्टिवा सवार छात्र अचानक बस के सामने आ जाने से हड़बड़ा गया और बस से टकरा गया। गंभीर चोटें आने की वजह से मौके पर ही उसकी सांसे थम गई। हालांकि तत्काल उसे नजदीक के ही एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं और चुनाव कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का माना आभार और कहा

# जिले के मतदाताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास से मिले बेहतर परिणाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 28 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार 26 अप्रैल को जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान के उपरांत सभी 727 मतदान केन्द्रों में वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उपरांत ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में जमा करा दी गई है। लोकसभा निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जिले के 05 लाख 62 हजार 688 मतदाताओं में से 04 लाख 27 हजार 955 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कि डाले गए कुल मतों का 76.06 प्रतिशत है। जिले के मतदाताओं के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आभार प्रकट किया है।

उन्होंने लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कांकेर जिले में पहली बार संसदीय निर्वाचन में इतना अधिक मतदान हुआ है, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सब मतदाताओं के दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति का ही सुखद और सकारात्मक परिणाम है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी अधिक मतदान होना इस बात को और पुख्ता करता है कि लोकतंत्र पर उनका अटूट विश्वास है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) चलाया गया। इसके तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी बूथ, दिव्यांग बूथ, ईको ग्रीन बूथ बनाए गए, जिसके अनुकूल व सकारात्मक परिणाम सभी के समक्ष हैं।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने माना अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ने में भी बीएलओ की भूमिका सर्वाधिक प्रशंसनीय रही, क्योंकि मतदाताओं को जागरूक करने मैदानी स्तर पर अथक् प्रयास किया। लोकसभा कांकेर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सतत् मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ। इसी तरह निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष रूप से जुड़े मतदान अधिकारियों, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर, ए.आर.ओ., एफएस.टी., एस.एस.टी, वी.एस.टी., वी.वी.टी., एल.एम.टी. सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, एम.सी.सी., एम.सी.एम.सी., नियंत्रण कक्ष में दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सुरक्षा की कमान संभालने वाले पुलिस, अर्द्धसैनिक बल एवं सेंट्रल फोर्स के जवानों के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया है, जो दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी जिम्मेदारी शिद्दत के साथ निभाई। बूथ स्तर पर बी.एल.ओ., कोटवार, वनरक्षक, नगर सैनिक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित मतदाता मित्र के रूप में पूरे समय सहयोग देने वाले स्काउट गाइड्स, रेडक्रॉस सोसायटी, एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के वॉलेंटियर के अलावा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने वाले सभी लोगों के प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी ने आभार प्रकट किया है।

# सार्वजनिक और औद्योगिक प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में निभाएंगे सहभागिता



**कोरबा 28 अप्रैल।** कोरबा के समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर संचालित किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने आधिपत्य वाले क्षेत्रों, आवासीय कालोनियों आदि में विभिन्न दृश्य व श्रब्य माध्यमों आयोजनों, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, रैली आयोजन व अन्य गतिविधियों से मतदाताओं, विशेषकर प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। 01 मई श्रमिक दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अनिवार्य मतदान के लिए श्रमिकों कर्मचारियों को मार्गदर्शन देंगे, साथ मतदान के दिन श्रमिकों को मतदान हेतु एक निश्चित समयावधि का अवकाश देंगे।

यहाँ उल्लेखनीय है कि विगत चुनावों में सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के रहवासी व आवासीय क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत अत्यंत कम व निराशाजनक रहा है। शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, यह जिला प्रशासन का लक्ष्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा इस अभियान से सभी को जोड़ा जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में कोरबा नगर के सभी सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिष्ठानों की विशेष सक्रिय सहभागिता पर बिन्दुवार चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पूर्व के चुनावों में यह बात परिलक्षित हुई है कि सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के आवासीय क्षेत्रों वाले मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत अत्यंत कम रहा है, जो अफसोसजनक है, सभी प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता की दिशा में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें तथा विभिन्न माध्यमों से अपने कर्मचारियों, श्रमिकों व अन्य मतदाताओं को अनिवार्य मतदान हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि अपने आधिपत्य वाले क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों को माडल के रूप में डेकोरेट करें, सेल्फी प्वाइंट बनाए ताकि लोगों का आकर्षण बढ़े तथा वे मतदान हेतु मतदान केन्द्रों का रूख करें। उन्होने कहा कि मतदान दिवस तक प्रतिदिन विविध जागरूकता गतिविधियों को संचालित करें, इवेंट आयोजित करें तथा अपने कर्मचारियों व श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाएं। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 27 अप्रैल को बाईक रैली का आयोजन किया गया है, इस रैली में भी प्रतिष्ठान के अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने बैनर के साथ सम्मिलित हो, उन्होने बताया कि बाईक रैली में हेलमेट को अनिवार्य किया गया है।

### रामपुर की जनता लगाएगी मोदी की गारंटी पर जीत की मुहर : डॉ पांडेय

**कोरबा 28 अप्रैल।** गुरुवार को कोरबा लोकसभा की बीजेपी प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय रामपुर विधानसभा के मदनपुर, गुरमा, गितकुंवारी, बरपाली, जिलगा, बाँधापाली में अपने जनसंपर्क दौरे में रही, सरोज पांडेय ग्राम मदनपुर पहुंची जहां स्थानीय लोगो व कार्यकर्ताओ द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ गौरा, कर्मा नृत्य व ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। वही सरोज पांडेय ने अलग अलग जगहों में सभाएं की और जनता जनार्दन से मुलाकात की। मदनपुर में आयोजित जनसभा के दौरान सरोज पांडेय ने जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की साय सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं और विकास के मॉडल के बारे में बताया और कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार चैबीस घंटे जनता व देश-प्रदेश के विकास में तत्पर रहती है जिसका जीता जागता उदाहरण मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनने पर जनता के विश्वास को मानती हूं।बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को मिला 1000 प्रतिमाह और सालाना के मिलेंगे 12000 ? मिलेंगे यह राशि हमारी माताओं बहनों के जीवन मे कई परिस्थितियों में बदलाव की स्थिति की दशा और दिशा को तय करेगा जो मोदी की गारंटी पर मोदी परिवार को मिल रहा है।

## समाचार संक्षेप

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम को किया सील



**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात ई.व्ही.एम. मशीनों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव स्थित स्ट्रांग रूम में जमा करने के बाद सील किया गया। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतागढ़ एवं पखांजूर में बनाए गए वितरण व संग्रहण केन्द्र में जमा किए गए मतदान सामग्री को कड़ी सुरक्षा में परिवहन कर नाथियानवागांव के स्ट्रांग रूम में लाया गया। इसके पश्चात आज शाम को कांकेर लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम. टी. रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तीनों विधानसभा के स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम को सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। स्ट्रांग रूम को मतगणना के दिन 04 जून को खोला जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, अंतागढ़ एसडीएम श्री एन.के. बंजारा तथा ई.व्ही.एम. की नोडल अधिकारी सुश्री आस्था बोरकर सहित निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे

### कलेक्टर पहुंचे मॉडल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम और सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों से की चर्चा



**जगदलपुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने धरमपुरा मॉडल कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का गुरुवार को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफके अधिकारियों से परिसर की सुरक्षा, राजनीतिक दलों के द्वारा स्ट्रांग रूम निगरानी के बारे में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान उपरांत सभी मतदान सामग्रियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है इसकी सुरक्षा सीआरपीएफकी कंपनी द्वारा की जा रही है। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा किए।

### महारानी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने महारानी अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी में मरीजों की संख्या, जांच में अधिकांश मरीजों के प्रकार का संज्ञान लिया साथ ही चिकित्सकों से भी चर्चा किए। इसके उपरांत उन्होंने शिशु वार्ड, नवजात शिशुओं के वार्ड, मनोरोग कक्ष, पैथोलॉजी लैब की व्यवस्थाओं, ब्लड बैंक और अंबक नेत्र चिकित्सालय शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने शिशु वार्ड के चिकित्सकों से अधिकांश मरीज बच्चों के सामान्य लक्षणों के कारण और उपचार के संबंध में चर्चा किए। पैथोलॉजी लैब में स्टाफ ब्लड बैंक की व्यवस्था का भी जायजा लेते व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रसाद ने अस्पताल की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल परिसर के विकास कार्यों से अवगत करवाया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्माणधीन रसोई के लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कुशलतापूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में दें अपनी सहभागिता: प्रेक्षक

# निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय:कलेक्टर

- माइक्रो आब्जर्वरों को निर्वाचन कार्य का दिया गया प्रशिक्षण
- कोरबा विधानसभा के संवेदनशील मतदान केंद्रों में की गई है महिला माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति



**कोरबा 28 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ एम. एम. जोशी द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग में माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इस हेतु आप सभी कुशलता पूर्वक सौपें गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय है। इस हेतु आप सभी प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया की लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के कोरबा विधानसभा में निर्वाचन संपन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी महिला मतदान कर्मियों को सौपीं गई है। जिले के चिन्हित 70 से अधिक संवेदनशील पोलिंग बूथ हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें कोरबा विधानसभा के 61 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों में महिला माइक्रो ऑब्जर्वर की ही नियुक्ति की गई है। कलेक्टर ने महिला माइक्रो ऑब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपका कार्य मतदान प्रकिया का सूक्ष्म निगरानी करना है। मतदान दिवस को पोलिंग बूथ में सबेरे होने वाले मॉकपोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल उच्च अधिकारी को सूचित करना है। उन्होंने बताया कि दिनभर की सभी गतिविधियों को संबंधित प्रपत्र में संधारित करते हुए पीठासीन पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य मतदान कर्मियों से भी जानकारी लेते रहना है। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी ने मतदान दिवस को माइक्रो आब्जर्वर द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही माइक्रो आब्जर्वर्स को 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया। इसमें माइक्रो ऑब्जर्वर का नाम, पदनाम, आवंटित मतदान केन्द्र का नाम व नंबर, मतदान केन्द्र पर पहुंचने का दिनांक एवं समय, पीठासीन अधिकारी का नाम, कुल मतदाताओं की सूची, बनावटी मतदान समय, चुनाव प्रारंभ होने का समय, मतदान केन्द्र में सेक्टर अधिकारियों का भ्रमण मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की हिंसा व वाद-विवाद की स्थिति, हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, मतदान दिवस में शाम 5 बजे पंक्तिबद्ध खड़े मतदाताओं की संख्या, शाम 5 बजे के बाद वोट डाले गए मतदाताओं की संख्या तथा वहां मतदान का प्रतिशत आदि के बारे में अवगत कराया गया।

### पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां होंगी दर्ज


मास्टर ट्रेनर डॉ. जोशी ने उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान केंद्र में मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति/अनुपस्थिति पर नजर रखनी है। प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र में मतदाता परिचय पत्र से कितने मतदाताओं ने वोट दिया और एएसडी सूची से कितने मतदाताओं ने वोट दिया, इसका अवलोकन करना है। साथ ही पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां दर्ज हों यह भी सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को ईवीएम मशीन का डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई।

# होम वोटिंग निर्वाचन आयोग की अच्छी पहल, बुजुर्ग और दिव्यांग भी कर पा रहे मतदान

## जिले में 135 में से 131 वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं ने की होम वोटिंग, अपर कलेक्टर पाण्डेय ने किया होम वोटिंग प्रक्रिया का औचक निरीक्षण

**रायगढ़, 28 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को उनके मताधिकार के लिए उपयोग के लिए प्रारंभ होम वोटिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। लोकतंत्र के पर्व में जहां एक-एक मत की महती भूमिका होती हैं, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में जहां चलने-फिरने में दिक्कत होती हैं। वहां मतदान कर पाना संभव प्रतीत नहीं होता लेकिन अपने मताधिकार का उपयोग न कर पाने की खलल भारत निर्वाचन आयोग ने दूर करते हुए ऐसे 85 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं को घर पहुंच मतदान करने की सुविधा देकर लोकतंत्र में उनकी मत के महत्व को बरकरार रखा हैं।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर संपूर्ण प्रकिया का पर्यवेक्षण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने स्थित घर में निवासरत मतदाता श्री वली मोहम्मद का जन्म सन 1931 में हुआ है, आज के समय में उनकी उम्र लगभग 93 साल हो चुकी हैं, वो बताते है भारत में जब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तब से अपने मताधिकार का लगातार उपयोग कर रहे है। लेकिन इस उम्र उन्हे दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा था, लेकिन निर्वाचन आयोग के शुरू किए होम वोटिंग ने उन्हे राहत दी है और आज वो दूसरी बार होम वोटिंग कर अपने मताधिकार का उपयोग किए है। इसी प्रकार शहर में चल रहे होम वोटिंग की प्रक्रिया का अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार श्री लोमस मिरी भी उपस्थित रहे।





उल्लेखनीय है कि जिले में चारों विधानसभा में आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत मतदान दलों के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओ के घर में पहुंच मतदान कराया गया। जिले में कुल 135 होम वोटर हैं, जिसमें रायगढ़ में 23, खरसिया में 56, लैलूंगा में 19 तथा धरमजयगढ़ में 37 वोटर शामिल है। होम वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले कुल 135 मतदाताओं में से 131 मतदाताओं द्वारा आज उनके निवासगृह में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। 01 मतदाता का निधन हो चुका है तथा शेष 03 मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उनके निवासगृह में 02 मई 2024 को मतदान अधिकारियों की टीम पुनः जाएगी।

## एक नजर

### पानी में डूबने से 8 लोगों की असामयिक मृत्यु

**रायगढ़, 28 अप्रैल।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत ग्राम-अंजोरीपाली के 8 लोगों की प्राकृतिक आपदा पानी (नदी)में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया के प्रकरण पश्चात पात्रतानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव (डोंगा)में सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय यह दुखद घटना घटित हुई थी। उक्त घटना में मृतक सभी 8 लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपये की मान से कुल 32 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। जो कि संबंधित के खातों में अंतरित हो गई है। प्राकृतिक आपदा से असामयिक मृत्यु पर विपत्ति ग्रस्त व्यक्ति/परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत वित्तीय सहायता स्वीकृत करना आदर्श आचार संहिता के दायरे से बाहर होता है।

### नफरत का जवाब मोहब्बत से देना जानती है कांग्रेसः डॉ. महंत

**कोरबा 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा उन्हें सक्ती का निवासी और बाहरी बताने के बयान पर पलटवार कर कहा है कि हमें बाहरी बताने वाली सरोज पाण्डेय पहले यह बताएं कि कोरबा से उनका क्या रिश्ता है? उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरबा लोकसभा पूर्व में अविभाजित जांजगीर लोकसभा का हिस्सा हुआ करता था और उससे पृथक होकर कोरबा लोकसभा तथा कांग्रेस की प्रदेश सरकार में सक्ती पृथक जिला का गठन हुआ है। अविभाजित जांजगीर लोकसभा के समय से मैं और मेरा पूरा परिवार क्षेत्रवासियों की सेवा करते आएं हैं और कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता का स्नेह व आशीर्वाद हमेशा से रहा है।डॉ. महंत ने कहा कि सरोज पाण्डेय अपना दुर्ग जिला छोड़कर कोरबा में चुनाव लड़ने आई हैं तो उन्हें यह पहले बताना चाहिए कि कोरबा से उनका रिश्ता क्या है? वे तो नजदीक की बात क्या करें, दूर-दूर तक उनका न तो कोरबा और न ही कोरबावासियों से कभी कोई नाता रहा है, वे यहां सिर्फ और सिर्फ चुनाव लड़ने के मकसद से आई हैं और वे जान रही हैं कि कोरबा में भी उनकी दाल नहीं गलने वाली, इसलिए जनता को अनर्गल बातों से गुमराह करने का काम कर रही हैं। डॉ. महंत ने कहा कि मेरी धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत कुशल गृहणी होने के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ भी है और जनता के बीच शांत, सौम्य स्वभाव के लिए जानी जाती है।

# आपराधिक मामलों का हवाला देकर साइबर ठग ले रहे झांसे में

- **फर्जी कॉल मे बच्चो से संबंधित जानकारी ना करे साझा**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**पत्थलगांव 28 अप्रैल।** सायबर ठगी के मामले कम होने की बजाय दिन प्रतिदिन बढते जा रहे है,सायबर ठग अब मोबाईल मे फोनकर बाहर पढने वाले बच्चो का अपराधिक मामलो मे संलिप्त होने का हवाला देकर परिजनो से रकम की मांग कर रहे है। उनके द्वारा रकम बताये गये बैंक एकाउंट मे ट्रांसफर करने की बात कही जाती है। अपने बच्चो को बेहतर शिक्षा देने के लिए बाहर भेजने वाले परिजन अक्सर ऐसे फोन के झांसे मे आकर बगैर जानकारी लिए ही ठगी के शिकार हो रहे है। शहर के एक दर्जन से भी अधिक परिजन इन दिनो सायबर ठगी के ऐसे फोन कॉल से परेशान है,नाम ना छापने की शर्त पर एक परिजन ने बताया कि पंद्रह दिन पहले बगैर जानकारी वाले नंबर से फोन आकर उनके बच्चे का दुष्कर्म के केस मे फंसने का हवाला दिया गया,जिसके बाद वो काफी परेशान हो गये,उन्होने सायबर ठगो से फोन पर बात करनी शुरू कर दी। वे खुद को पुलिस के



अधिकारी बताकर ठगी के काम को अंजाम दे रहे थे,परिजन ने बताया कि सायबर ठगो ने उनके बच्चे को दुष्कर्म के मामले से बाहर निकालने के एवज मे बीस हजार रूपये तत्काल बैंक एकाउंट मे ट्रांसफर करने की बात कही। वे बगैर इस बात की पुख्ता जानकारी लिए ही उनके द्वारा बताये गये बैंक एकाउंट मे बीस हजार रूपये ट्रांसफर कर दिये। कुछ घंटे के बाद वे बाहर पढ रहे अपने बच्चो से संपर्क साधे तो उनके साथ ऐसा कुछ भी ना होने की बात बतलायी गयी,जो बातें फोन पर की गयी थी वो सभी फर्जी निकली,परंतु तब तक एकाउंट से बीस हजार रूपये ठग के खाते मे ट्रांसफर हो चुके थे,तब उन्हे खुद के साथ ठगी होने का पता चला। आज फिर एक ऐसे ही सायबर ठग के फोन ने सभ्रांत परिवार के परिजन के होश उडा दिये। सायबर ठगो ने एक परिजन को उनके बेटे को दुष्कर्म के मामले मे फंस जाने का हवाला देकर चालीस हजार रूपये की ठगी करनी चाही,परंतु परिजन की होशियारी वक्त पर काम आ गयी। उन्होने थाने मे जाकर इस बात की शिकायत की।

स्पूफ कॉलिंग से रहे सावधान-ःफोन मे अपराधिक मामलो का हवाला देकर ठगी करने वालो के संबंध मे जब यहा के एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल से बात की गयी तो उन्होने वाटसअप फेसबुक की स्पूफ कॉलिंग से सावधान रहने की बात कही। उनका कहना था कि साइबर अपराधियों के लिए स्पूफकॉलिंग एक नया अस्त्र बन गया है. अपराधी किसी भी मोबाइल नंबर से कॉल कर लूट सकते हैं,स्पूफकॉलिंग के मास्टर माइंड ऐसे जाल बिछाते हैं कि ठगे जाने वाले शख्स को जरा भी भनक नहीं लगती कि वह कब जालसाजों का शिकार बन चुका है। एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल ने स्पूफ कॉलिंग के जरिये आने वाले वाटसअप कॉल मे ठगो के झांसे मे आने से पहले अपने बच्चो से पहले घटना की जानकारी लेकर बात करने की सलाह दी है। उन्होने ऐसे मामलो मे सावधानी एवं सतर्कता को ही ठगी से बचने का उपाय बताया।

## समाचार संक्षेप

### 229 बटालियन के 12 वें स्थापना दिवस पर जवानों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की



**बीजापुर 28 अप्रैल।** 229 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 27/04/2024 को 229 बटालियन, के0रि0पु0बल बीजापुर में श्री चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट के देख-रेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में 229 बटालियन के अधिकारियों और कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें 229 बटालियन के 03 अधिकारियों और 16 कार्मिकों तथा 205 बटालियन कोबरा के 01 अधिकारी ने अपना रक्तदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए 229 बटालियन के श्री चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट, श्री मुखत्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री आरची एन्थोनी माहो, द्वितीय कमान अधिकारी, श्रीमती वर्षा अरुण शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, डॉ एम. शरद, चिकित्सा अधिकारी और निरीक्षक/जीडी योगेन्द्र प्रताप सिंह के साथ ही जिला अस्पताल बीजापुर के डॉ समीर नन्दन रेड्डी, जिला अस्पताल और रक्त बैकों के कर्मचारियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं तय चिकित्सा सुरक्षा मानको का पूर्णतः पालन किया गया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य बल के कार्मिकों की देश की नागरिको की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता, निस्वार्थ योगदान और समर्पण की भावना होना है। इस तरह की पहल समुदाय की सेवा के लिए है ताकि विपरीत समय पर जरुरतमंदों को आवश्यक रक्त मिल सके एवं इंसान की जान बचायी जा सके।

### बाराती बस व ट्रक के टकराने से एक की मौत, दो घायल

**पत्थलगावं 28 अप्रैल।** एक सडक दुर्घटना ने देखने वालो के रौंगटे खडे कर दिये। बारात से आ रही बारातियों की बस एवं ट्रक मे टक्कर हो जाने से एक बाराती का सिर धड से अलग होकर सडक पर गिर गया। उसके अलावा दो बारातियों के हाथ पूरी तरह से कट गये। धड से सिर अलग होने वाले बाराती की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही जिनके हाथ कटे उनकी भी हालत बेहद गंभीर बतायी जा रही है। दुर्घटना शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे सुखरापारा के समीप घटित हुयी। थाने से मिली जानकारी के अनुसार अवतार बस क्रमांक सी.जी-13 ए.जे-2993 बलरामपुर से बाराती लेकर धरमजयगढ लौट रही थी,सुखरापारा के समीप पत्थलगांव की ओर से जा रही ट्रक क्रमांक सी.जी.14 एम.जी 9654 के चालक द्वारा बस को साईड देने के दौरान एक तरफसे उसे जोर की टक्कर मारते हुये रगड दिया गया,इस घटना मे संजय टिवरी पिता रूस कुमार निवासी बेहरापारा धरमजयगढ का सिर धड से अलग होने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वही अश्विन टिवरी पिता सुनील टिवरी निवासी सिविल लाईन धरमजयगढ व माधुरी यादव पिता जगत यादव का दोनो के ही हाथ कटकर शरीर से अलग हो गये। यह घटना इतनी भयानक थी कि वहा प्रत्यक्षदर्शीयों के रौंगटे खडे हो गये। बताया जाता है कि रात का समय होने के कारण अधिकांश बाराती अपनी सीट पर सोये हुये थे,जिन तीन लोगो का दुर्घटना मे अधिक नुकसान हुआ वे साईड की सीट पर बैठे हुये थे, ट्रक से बस की टक्कर इतनी भयानक थी कि सीट के अंदर बैठे व्यक्ति का सिर धड से अलग हो गया,वही दो लोगो के हाथ कटकर बाहर गिर गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल बल के साथ वहा पहुंच गयी थी। घायल मरीजो को सिविल हॉस्पिटल पहुंचाकर उनका ईलाज शुरू कराया गया,वही मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया।



### सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित



**पत्थलगांव 28 अप्रैल।** हर वर्ष की भांति यहा के सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय परिसर मे एक समारोह आयोजित किया गया था,जिसमे सभी कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किये,इस दौरान स्कूल के भूतपूर्व प्रधान पाठक फा.पंका मिंज मौजुद थे। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओ के अलावा बच्चो के अभिभावक भी भारी संख्या मे मौजुद थे। स्कूल के प्राचार्य फा.अनुप ने एक के बाद एक 2023-24 मे प्राप्त सफलताओ का उल्लेख किया। उसके पश्चात कक्षा 8वीं मे टकसेर मरकाम को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बधायी देते हुये सर्टिफिकेट प्रदान किया। सत्र 2023-24 में सौ प्रतिशत उपस्थिति रखने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किए गए।

# हाट-बाजारों में साग-भाजी से आकृति बना 7 मई को मतदान के लिए किया प्रेरित, चलाया हस्ताक्षर अभियान भी

**रायगढ़, 28 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 मतदान के लिए 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम चलाये जा रहे है और लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत आज खरसिया के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम पंचायत बड़े देवगांव एवं परसापाली के हाट-बाजार में मतदाता जागरूकता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है और मतदान दिवस 7 मई 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। तमनार के ग्राम-गारे में गांव की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।






रैली के दौरान सभी महिलाओं ने लोगों को मतदान के महत्व को बताया और उनसे मतदान करने की अपील की गई। रैली में नारों के माध्यम से महिलाओं ने लोगों को जागरूक किया। इसी के साथ शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली गई।

उद्योगों में भी औद्योगिक कर्मियों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। तमनार में सारडा इनर्जी में भी कर्मियों ने 07 मई को मतदान की शपथ ली।

# गर्मी में हैंडपंप बंद होने की सूचना देने के लिए पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायगढ़, 28 अप्रैल।** ग्रीष्म काल में हैण्डपंप बंद होने की सूचना के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिससे संपर्क किया जा सकता है एवं संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी को शिकायत एवं सुझाव दे सकते है। इनमें विकासखण्ड रायगढ़ एवं पुसौर के लिए सहायक अभियंता श्री रमाशंकर कश्यप मोबा.नं. 9131733921 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह विकासखण्ड खरसिया हेतु प्रभारी सहायक अभियंता कु.उमा सिदार मोबा.नं. 7748023595, विकासखण्ड घरघोड़ा, तमनार एवं लैलूंगा हेतु सहायक अभियंता श्री आर.के.टण्डन मोबा.नं.75667-05216 तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ हेतु प्रभारी सहायक अभियंता श्री जे.सी.भगत मोबा नं.91310-44438 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07762-222972 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिए प्रभावी रहेगा। सहायक अभियंता श्री रामाशंकर कश्यप मोबा.नं.79877-18375 को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार श्री बाबू लाल पटेल मोबा.नं.97701-94004 तथा सहायक मानचित्रकार श्री आर.के.खलखो मोबा.नं. 88393-90621 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय रायगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुझाव उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टॉल फ्री नंबर 18002330008 में भी शिकायत/ सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष की भांति पारंपरिक रूप से रायगढ़ जिले में ग्रीष्मकाल में धान की खेती करने के कारणों से भू-जल स्तर गिरने से हैण्डपंप बंद होते है। इस वर्ष वर्तमान में 746 हैण्डपंप भू-जल स्तर गिरने से बंद हुए है। विगत वर्ष में इसी समयावधि में लगभग 1200 हैण्डपंप भूजल स्तर गिरने से बंद हुए थे। जिन ग्रामों में भू-जल स्तर गिरने से हैण्डपंप बंद हो रहे है। उन ग्रामों में अतिरिक्त रूप से पेयजल व्यवस्था हेतु सिंगल फेस पावर पंप, नलजल योजना एवं सोलर पंप संचालित है।

### जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक ही दिन में रोके 3 बाल विवाह



**रायगढ़, 28 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर टीम गठित किया गया है। बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर सख्ती बरतने के फलस्वरूप जिले में 26 अप्रैल शुक्रवार को 03 बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसमें जिला प्रशासन की गठित संयुक्त टीम द्वारा विवाह स्थल में जाकर बाल विवाह रोका गया। जिसमें थाना खरसिया अतंर्गत ग्राम-नवागांव, बसनाझर,जिला-रायगढ़ में बाल विवाह रोका गया। इसी तरह थाना चक्रधर नगर के अतंर्गत आईटीआई कालोनी अम्बेडकर आवास, रायगढ़ में एवं थाना सिटी कोतवाली के अतंर्गत बापू नगर रायगढ़ में बाल विवाह जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा एक ही दिन में कुल 03 बाल विवाह को रोका गया। जिसमें परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग व चाईल्ड लाईन रायगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा बालिका-बालक के आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया गया एवं उपस्थित परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। बालिका के बालिग होने पर या निर्धारित आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह किये जाने की सहमति परिजनों दिया गया।

# जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायगढ़, 28 अप्रैल।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 द.प्र.सं. के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक जेल अधीक्षक एस.पी.कुर्रे के द्वारा जिला न्यायाधीश को यह जानकारी दी गई कि जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर से बंदी लाभान्वित हो रहे है तथा बंदियों की पहले की तुलना में रिहाई भी अधिक हो रही है। सहायक जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को जेल नियमावली के विषय में जानकारी दी गई तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से जिन बंदियों के मामलों में अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें पैरवी करने तथा जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु विधिक सहायता प्रदान कर निःशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाने के बारे में बताया गया। बंदियों को रिहा होने के उपरान्त पुनःअपराध न करने की सलाह दी गई। विधिक साक्षरता शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव के अतिरिक्त जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स आयुष देवांगन उपस्थित रहे।





## एक नजर

### रायपुर लोकसभा में बृजमोहन अग्रवाल की होगी भारी मतों से जीत : वीना



तिल्दा-नेवरा, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महिला मोर्चा की नेत्री वीणा वर्मा ने तिल्दा नेवरा ग्रामीण अंचल में बीजेपी प्रत्यासी बृजमोहन अग्रवाल के लिए महिलाओं से समर्थन मिला। रायपुर महिला मोर्चा की कार्य कर्ता वीना वर्मा ने बताया की मोदी की गारंटी और महिला वंदन योजना शुरू होने से बीजेपी के प्रति महिलाओ में भारी उत्साह है। तिल्दा के तुलसी नेवरा मानपुर तिल्दा नेवरा में अनेक जगहों पर महिला मतदाताओं से रायपुर प्रत्यासी लोकसभा के बृजमोहन अग्रवाल को भारी अत्यधिक वोट से विजय बनाने की अपील की। वीना वर्मा के साथ अनुराधा वर्मा नंदनी खिचरिया सहित अनेक मिलाए उपस्थित थी।

### लोहे का गुजरा लगे डंडे से मारकर की हत्या



तिल्दा-नेवरा, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 19 अप्रैल की सुबह एक व्यक्ती का शव बाजार पारा तिल्दा में मिला, जिसका थाना तिल्दा नेवरा में मर्ग क्र 41/24 धारा 174 जा फौ. के तहत कायम कर पचनामा कार्यवाही कर क्कारू कराया गया मृतक के शरीर में संदेहास्पद चोट होने से क्कारू रिपोर्ट को क्यूरी कराया गया जिसमे डॉक्टर द्वारा मृतक के शरीर में गंभीर प्रकृति की चोट होना पाया गया लेख किये। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगो से पूछताछ कर कथन लिया गया जिन्होंने अपने कथन में 18 अप्रैल की रात्रि करीबन 01 बजे मोहल्ले का नवीन विश्वकर्मा अपने घर के सामने गली में दीपक यादव को मोहल्ले में चोरी करने के लिए आया तेरे को आज बताऊंगा खून कैसे होता है कहकर दोनों आपस में लड़ाई कर रहे थे जिसे देखे है। मर्ग जांच में गवाहों के बयान और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर धारा 302 IPC घटित पाए जाने पर थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 223/302 धारा 302 IPC कायम कर विवेचना में लिया गया आरोपी नवीन विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना कबूल किया जिसका मेमोरंडम कथन लेकर घटना में प्रयुक्त एक नग डंडा, जिसमे एक तरफलोहे का नुकीला गुजरा लगा हुआ एक नग लोहे का बक्कल लगा बेल्ट जिससे आरोपी द्वारा मृतक को मारकर हत्या किया गया को जप्त किया गया। आरोपी नवीन विश्वकर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### भाजपा ने जो कहा कर दिखाया : सरोज

कोरबा, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से जो भी वायदे किए उसे पूरा कर दिखाया है। यह बात उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में आमजनों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने जो भी प्रमुख वायदे पूर्व में किए थे उन्हें पूरा किया है। इनमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर बनवाना और तीन तलाक पर कानून बनाना शामिल है । ये वो महत्वपूर्ण फैसले हैं जो कल्पना से भी परे था। इसी तरह देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति सदस्य 5 किलो मुफ्त चावल दिया जाना, ढाई अरब से अधिक लोगों को मुफ्त कोरोना टीका लगवाना और हाल ही में सीएए कानून पारित कराना भी केंद्र सरकार के मजबूत इरादों को दर्शाता है।

## तिल्दा नेवरा में बृजमोहन को मिल रहा जनसमर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 28 अप्रैल।** बलौदा बाजार विस के तिल्दा-नेवरा ग्रामीण अंचल के गावों में घरों से बाहर आकर भाजपा के रायपुर लोस प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में गावों में भारी उत्साह देखने को मिला है। मंत्री अग्रवाल की गाड़ी के पास पूरा गांव में जिंदा बाद के बारे के साथ अबकी बार फिर मोदी सरकार के नारो के बीच स्वागत किया गया। इस दौरान केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा भी उनके साथ थे। किरना टंडवा खफरी कला सहित अनेक गावों में बृजमोहन अग्रवाल ने लोगो से आशीर्वाद लिया।

## विकास ने सिंधी समाज से कांग्रेस को वोट देने की अपील की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 28 अप्रैल।** रायपुर लोकसभा सांसद पद के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने पूज्य सिंधी पंचायत तिल्दा नेवरा सिंधी समाज की बैठक कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील, सिंधी पंचायत के मुखिया छम्मन लाल खूबचंदानी के द्वारा विकास उपाध्याय को अपना बहुमूल्य मत देकर सहयोग करने के लिए बैठक में पूर्व सिंधी अकादमी अध्यक्ष राम गिंडलानी पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी हीरानंद हरीरामानी, भीमसेन भोजवानी, वरिष्ठ रामेश्वर गांधी किशोर सेतपाल, लक्ष्मी नारायण वर्मा, प्रमोद वर्मा, दिलीप वर्मा, दुर्गेश नशीने, कमलेश बल्लू वर्मा श्याम वाधवा, राजीव खूबचंदनजी, शिव निहिचलानी एल्डरमेन राहुल तेजवानी, बलोदाबाजार कांग्रेस प्रभारी सोमेन चटर्जी, प्रशांत गुप्ता, विजय हरीरमानी, राजेश जेठवानी, प्रकाश मेघानी, सिंधी समाज वरिष्ठ एवम् युवा साथी बहुत अधिक संख्या में शामिल हुए। नगर और गावो में काग्रेस के कार्यकर्ता भी चुनाव प्रचार में डटे है। नगर में काग्रेस के बेनर पोस्ट चौक चौराहों पर दिखना शुरू हो चुका है।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 : मतदान दलों के प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर

# ईवीएम और मतदान प्रक्रिया की बारीकियों का ध्यान रखें अधिकारी-कर्मचारी:चौहान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 28 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय प्रशिक्षण शनिवार 27 अप्रैल को 5 प्रशिक्षण केंद्रों में शुरू हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों में पहुंच कर प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ईवीएम एवं मतदान प्रक्रिया की बारीकियों को प्रशिक्षण में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, मॉकपोल, सीलिंग प्रोसेस आदि की बारीकियों को बताने के साथ ही सावधानियों की जानकारी देने कहा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे मतदान अधिकारियों से कई प्रश्न भी पूछे और शंका समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, नियमों या ईवीएम मशीन से सम्बंधित किसी प्रकार की शंका हो तो मास्टर ट्रेनर को बताकर शंका समाधान जरूर कर लें। किसी भी प्रकार की दुविधा नही होनी चाहिए।

बताया गया कि 27 एवं 28 अप्रैल को मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 5 केंद्र बनाए गए है। पहले दिन प्रशिक्षण में 3072 पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी शामिल हुए। इनमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में 320, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल विद्यालय बलौदाबाजार में 592, सैकरेड हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार में 800, वर्धमान विद्यापीठ बलौदाबाजार में 528 एवं अम्बुजा विद्यापीठ में 832 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी शामिल हैं। 28 अप्रैल को इन्ही प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग 2478 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार दो दिन में लगभग 5550 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पूर्व कलेक्टर ने नवीन मंडी परिसर में ईवीएम स्ट्रांग रूम एवं मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम अमित गुप्ता, बीआर ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 375 लीटर महुआ शराब व 4520 किलो लाहन जब्त

### आबकारी विभाग ने गश्त के दौरान ग्राम हसुआ में की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 28 अप्रैल।** कलेक्टर के एल चौहान निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के मार्गदर्शन में लगातर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आज 27 अप्रैल को गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसुआ में आबकारी विभाग की टीम द्वारा कर्रवाई की गई जिसमें एक 200 ली. क्षमता वाले एक प्लास्टिक ड्रम में 125 बल्क ली. 6 नगो की 15 ली. क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बे में 90 ली.20 ली. एवं 10 ली.क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 15 एवं 10 ली. कुल 255 ली. हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 32 प्लास्टिक झिल्लियों से भरे बोरियों प्रत्येक में 30 किलो कुल 960 किलो महुआ लाहन, प्रत्येक 200 ली. क्षमता वाली 7 प्लास्टिक ड्रम में 1400 किलो महुआ लहान सहित कुल 2360 कि.ग्रा. महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। इसी प्रकार ग्राम पथरी में भी 5 नग 15 ली. क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बे में कुल 75 ली.एक प्लास्टिक झिल्ली में 30 ली. 20 ली.क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 15 ली. कुल 120 ली. हाथभट्ठी कच्ची महुआ शरब एवं 72 नग प्लास्टिक झिल्लियों से भरे बोरियो प्रत्येक में 30 किलो कुल 2160 किलो महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया।अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), 59 (क) का प्रकरण आबकारी वृत्त कसडोल में कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, दिनेश कुमार साहू, मोतिन बंजारे, देवनंदन सिंह टंडन, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गायकवाड़ ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिक बालिका का अपहरण करने वाला गिरफ्तार



निपनिया, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 26 अप्रैल को पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में सूचना प्राप्त हुई की, बिहार राज्य के जिला पूर्वी चंपारण क्षेत्र स्थित थाना राजेपुर से एक नाबालिक बालिका को अपहरण कर संदेही आरोपी द्वारा निपनिया क्षेत्र में लाया गया है। कि सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा एवं निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के मार्गदर्शन में, उप निरीक्षक किशन कुंभकार के नेतृत्व में निपनिया पुलिस द्वारा अपहृत बालिका के परिजनों के माध्यम से आरोपी संदेही पप्पू कुमार कुशवाहा को निपनिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपूर्द किया गया है। आरोपी के विरुद्ध परिजनों की रिपोर्ट पर 21 अप्रैल को थाना राजेपुर में अपराध क्र. 77/2024 धारा 363, 366 भादवि एवं पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद था। कि प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना बिहार राज्य के थाना राजेपुर थाना थाना प्रभारी एवं एसडीओपी को दिया गया है। अभी वर्तमान में नाबालिक बालिका एवं उसके परिजन निपनिया पुलिस की देखरेख में है तथा संदेही आरोपी को निपनिया पुलिस द्वारा विधिवत अभिरक्षा में लिया गया है। नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद करने पर बिहार राज्य से आए हुए उनके परिजनों द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

■ **सहायता केंद्र निपनिया पुलिस ने थाना राजेपुर जिला पूर्वी चंपारण बिहार से अपहृत नाबालिक बालिका को निपनिया क्षेत्र से बरामद कर किया गया उसके परिजनों के सुपूर्द**

### श्यामबाई साहू ने लवन बस स्टैंड में जनसभा में की जांगड़े को विजयी बनाने की अपील



निपनिया, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 27 अप्रैल को जांजगीर चाम्पा लोकसभा के कसडोल विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल लवन के प्रतीक्षा बस स्टैंड में आयोजित प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान. विष्णुदेव साय के विशाल जनसभा कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू सम्मिलित हुई। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने और आने वाले 7 मई को भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को कमल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया गया। आज के इस कार्यक्रम में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़, श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा, कमलेश जांगड़े प्रत्याशी जांजगीर चाम्पा लोकसभा, डॉ सनम जांगड़े जिलाध्यक्ष, डॉ अजय राव विधानसभा संयोजक, धनीराम धीवर छाया विधायक कसडोल, योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, राजकुमार जायसावल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कृष्णा अवस्थी जिला महामंत्री, नवीन मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, सुलोचना यादव जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, विजय यादव मंडल अध्यक्ष लवन, मेलाराम साहू मंडल अध्यक्ष कसडोल, नंद वर्मा मंडल अध्यक्ष पलारी, महेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष दक्षिण पलारी(संडी), यशवर्धन वर्मा न.पं. अध्यक्ष पलारी, मीना बार्वे न.पं. अध्यक्ष लवन सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं भारी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

### पंचायतों में आयोजित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा 28 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुकुआ ग्राम पंचायत मेरई, लैंगा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं पोस्टर बनाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### जिले को हासिल हुई एक और बड़ी उपलब्धि

# 2.1 लाख महिलाओं के लिखे गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ के लिए जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स से हुआ सम्मानित

■ **7वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में नाम दर्ज कराने वाला जिला बना बलौदाबाजार भाटापारा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 28 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के दो लाख एक हजार महिलाओं द्वारा लिखे गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ को गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड अवार्ड प्राप्त हुआ।

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल विद्यालय मे शनिवार को कलेक्टर के.एल.चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने महिलाओं द्वारा प्राप्त 2 लाख एक हजार स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ का अवलोकन किया। जिला प्रशासन के चैलेंज को स्वीकार करते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधि सोनल शर्मा द्वारा जिला प्रशासन की पहल के लिए कलेक्टर के.एल.चौहान को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने कलेक्टर चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिक्रेट प्रदान किया गया। इसके पूर्व भी जिले को 6 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मिल चुका है। इस सम्मान के साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 7 वीं बार गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्डस में नाम दर्ज कराने वाला जिला बन गया है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, मंडावी, तहसीलदार राजू पटेल, भी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही इस मोके पर सुर संगम टीम द्वारा बहुत ही आकर्षण गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। इस मौके पर अन्य सभी एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर, सहित सभी जनपद सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग, प्रशिक्षण में आएं अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर के एल चौहान ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें। गौरतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 6 विभिन्न वर्गों में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हो चुका हैं। इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 7 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ- सफाई हेतु पुरुस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर 2023 को जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था। हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**रायपुर, 28 अप्रैल।** रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने शव को मरच्युरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्ती का प्रयास कर रही है।

### शांतिनगर से बाइक पार

**रायपुर, 28 अप्रैल।** शांतिनगर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक शुक्ला 51 वर्ष राजीव नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 ए 4429 को शांतिनगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 28 अप्रैल।** अशोक नगर झगरहिन तालाब के पास स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तरासन नखाते 52 वर्ष झगरहिन तालाब के पास अशोकनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बाहर गई थी। जब 26 अप्रैल को वापस लौटी तो देखा की उसके सूने मकान का ताला टूटा हुआ है। वहीं आलमारी में रखे नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 28 अप्रैल।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास गांजा बेचते आरोपी आयुष कुमार पांडे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी सफिजन बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 780 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है।

# हवा-ए-शाम के झोंकों जरा लिहाज करो... ना लो चिराग जलाते ही इम्तिहां मेरा...



लोकसभा चुनाव में आज कल विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जेहन में आम आदमी (किसान, गरीब और महिला) छाया हुआ है।आजादी के पहले से ही आम आदमी अपने उत्थान का इंतजार कर रहा है, कभी आम आदमी, तो कभी समाज में अंतिम आदमी की बात की जाती रही है, आम आदमी की संकल्पना बुद्ध, मुगल शासकों, ईस्ट इंडिया कंपनी, कार्ल मार्क्स, नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहेब अम्बेडकर, जय प्रकाश नारायण, राममनो हर लोहिया, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरेन्द्र मोदी से लेकर राहुल गांधी सभी ने गढने की कोशिश की है। हिन्दु धर्म की जटिलता की वजह से वर्ण व्यवस्था के चलते निचले पायदान पर खड़े निर्धन लोगों का जीवन दुर्लभ होने लगा तब बुद्ध सामने आये, अनुयायियों (आम आदमी) को आम जीवन बिताने प्रेरित किया था तो मुगलों ने भी भारत की सरजमीं पर अधिकार जमाया, महलों में 'दीवान ए आम', 'दीवान ए खास'होना शुरू हुए जहां आमजनों की शिकायत सुनी जाती थी। अंग्रेजों ने करीब 200 साल तक हिन्दुस्तान में कब्जा रखा, उस समय अनपढ़, गरीब, किसान, छोटा धंधा करने वालों को 'कामनमैन' कहा जाता था, पढ़े-लिखे धनवान लोगों को 'सर' और 'बाबू' जैसे शब्दों से नवाज कर कुछ को उपाधि देने की परंपरा शुरु की गई।कार्ल मार्क्स ने तो साम्यवाद के सिद्धांत के तहत शासक (पूंजीवाद) और शोषक (आम मजदूर, जनता) दो वर्गों में बांटा था। महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने 'अंतिम जन' या आखरी आदमी कहा था।अंग्रेजों के समय वाईसराय का वेतन 5हजार था तो आम आदमी को एक रूपये मिला करते थे।पहले पीएम नेहरू ने अंतिम आदमी के लिए लोक तांत्रिक योजनाएं चलाई तो उनकी बेटी इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में 'गरीबी हटाओ' का नारा गढ़ा था। आपातकाल के बाद जनता पार्टी की सरकार बनी तो जयप्रकाश नारायण ने भी आम आदमी को 'जनता' कहकर संबोधित किया।राम मनोहर लोहिया भी आम आदमी को जनता ही कहते थे। इंदिरा की हत्या के बाद राजीव गांधी ने सत्ता सम्हाली तो उन्होंने कहा था एक रूपया आम आदमी तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे ही रह जाता है। राजीव की हत्या के बाद सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 20 09 के चुनाव में नारा दिया 'आमआदमी के बढ़ते कदम, हर कदम के साथ भारत बुलंद'। इसके बाद भाजपा की सरकार बनी नरेन्द्रमोदी ने भी एक नारा दियाज. 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ' पहली बार पूर्ण बहुमत की गैर कांग्रेसी सर कार बनी, फिर भी 'आम आदमी' जहां था वहीं रहा, हाँ, उसे मुफ्त 5 किलो चावल/गेहूं देकर संतुष्ट करने का प्रयास जारी है? फिर नये-नये नारे लोक सभा चुनाव में उछाले जा रहे हैं।फिर नेहरू, पाकि स्तान का विभाजन, संतुष्टी करण, मंगलसूत्र छीनने के बयान चर्चा में हैं!




### वोरा छत्तीसगढ़ लौटे, ऋचा भी जल्दी लौटेंगी...

छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से हाल ही में लौटे 1999 बैच के आईए एस सोनमणि बोरा को नई जिम्मेदारी दी है, अजा, जजा विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास का प्रमुख सचिव बनाया है। आईएएस सोनमणि बोरा केंद्र में वर्ष 2019 से लैंड मैनेजमेंट जॉइंट सेक्रेटरी थे। उनके लौटने से अब छ्ग में दो प्रमुख सचिव हो गए हैं। वहीं अब आईएएस ऋचा शर्मा छ्ग लौट रही हैं, 2019 में दूसरी बार प्रति नियुक्ति पर गई थीं।1994 बैच की आईएएस ऋचा शर्मा के छ्ग लौटने के बाद कयास लगाये जा रहे हैं कि उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारीदी जा सकती है। आईएएस की वरिष्टता सूची में 5वें नंबर पर हैं। 1989 बैच के अमिताभ जैन (सीएस) 1991 बैच की रेणु पिल्ले, 1992 बैच के सुब्रत साहू, 1993 बैच के अमित अग्रवाल के बाद 1994 बैच की ऋचा शर्मा हैं।वे बस्तर कलेक्टर रह चुकीं हैं, इनके पिता रायपुर जेल में जेलर रह चुके हैं, यह बात और है कि ऋचा की पूरी पढाई छ्ग से बाहर ही हुई है।

### सीएम, वित्त मंत्री बने तो कुछ आईएएस जेल में...

छत्तीसगढ़ बनने के बाद आईएएस अजीत जोगी पहले सीएम बने तो दूसरे आईएएस ओम प्रकाश चौधरी वित्तमंत्री बने हैं पर कुछ आईएएस के लिये छ्त्तीसगढअच्छा साबित नहीं हुआ है।

आईएएस बाबूलाल अग्रवाल, आय सेअधिक सम्पत्ति, सीबीआई जाँच, एक'मिडियामैन' की सलाह पर ही घूस देने के प्रयास में नौकरी से हाँथ धो बैठे।*समीर विश्नोई, कोयला स्कैम के मामले में जेल जाने वाले पहले आई एएस समीर विश्नोई हैं। समीर 2009 बैच केआईए एस हैं। वे कानपुर वाले हैं।आईआईटी से बी टेक करने के बादआईएएस में सलेक्ट हुए।वे कोंडगांव केकलेक्टर रह चुके हैं।समीर, खनिज संचालक, खनिज कारपोरेशन के एमडी, जीएसटी डायरेक्टर भी रह चुके हैं। कोयला घोटाले में ईडी की जांच के बाद उन्हें जेल भेजा गया है।सौम्या चौरसिया, छ्ग राज्य सेवा की एक अधिकारी सौम्या चौरसिया को भी कोयले घोटाले में



गिरफ्तार किया गया है। सौम्या चौरसिया फिलहाल जेल में हैं। सौम्या की कभी गिनती पावरफुल अफसर में होती थी। सौम्या की गिरफ्तारी ज़ब हुई उस समय सीएम कार्यालय में पदस्थ थीं। कोर्ट ने अभी तक सौम्या चौरसिया को जमानत नहीं दी है।

आईपीएस जीपी सिंह, 2021 में आय से अधिक संपत्ति के मामले में छ्ग के एडीजी रहे जीपी सिंह को एसीबी ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। बाद में कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। रायपुर में राजद्रोह का भी मामला इस अनिवार्य सेवा निवृतअफसर जीपी सिंह पर दर्ज हुआ था, जीपी सिंह के पास से 5 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति एसीबी ने जप्त की थी, हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जीपी सिंह को रिहा कर दिया गया। जीपी सिंह, 94 बैच के आईपीएस हैं।*अरुण पति त्रिपाठी, छ्ग शराब घोटाले मामले में ईडी ने अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, उनकी जमानतनहीं हो पाई है।त्रिपाठी दूरसंचार सेवा के अधिकारी हैं।साथ ही आबकारी विभाग के विशेष सचिव थे। डॉ रमन सिंह सरकार में वह छ्ग प्रति नियुक्ति पर आए थे। तब भी आबकारी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

आईएएस रानू साहू, छ्ग में कोयला, लेवी घोटाले में कार्रवाई करते हुए ईडी की टीम ने 2010 बैच की आई एएस रानू साहू को गिरफ्तार किया था। रानू साहू, कांकेर कोरबा और रायगढ़ समेत की कलेक्टर रह चुकी हैं।अभी रानू साहू भी जेल में हैं। *अनिल टुटेजा, शराब घोटाला मामले में ईडी ने सेवा निवृतआईएएस (प्रमोटी) अनिल टुटेजा को भी गिरफ्तार किया है, फिलहाल वे भी जेल से होकर ईडी की रिमांड पर हैं।

### और अब बस...

- » भाजपा ने लोस चुनाव 24 के लिये अभी तक घोषित 417 प्रत्याशियों में 116 दूसरे दलों से तो 37 पूर्व कॉंग्रेसी शामिल हैं।
- » कांग्रेस के मंगलसूत्र छीनने के भाजपा आरोप पर एक टिप्पणी ज. नोट बंदी में महिलाओं के छिपे पैसों को सार्वजनिक करने में किसकी भूमिका थी, यह भी चर्चा कर लेते भाई साहब?
- » सीबीआई अब छत्तीसगढ़ में कहीं भी छापमारी सहित अन्य कार्यवाही कर सकती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सीबीआई को कार्यवाही की अनुमति दे दी है।

# विद्यार्थियों ने अनिवार्य मतदान का लिया संकल्प, निकाली रैली

**रायपुर, 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने ÷मतदाता जागरूकता अभियान÷ के अंतर्गत अनिवार्य मतदान करने का संकल्प लिया। साथ ही जागरूकता के लिए रैली निकालकर नागरिकों को 7 मई को अनिवार्य मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया। लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार, जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है, सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है, बनो देश के भाग्य विधाता,




अब जागो प्यारे मतदाता, मतदान करना आपका धर्म है, लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है, चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। पोस्टर पर लिखे ये स्लोगन ने नागरिकों को विचार करने पर मजबूर किया और सभी ने 7 मई को मतदान करने का वादा किया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदान करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार भी है और दायित्व भी है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को जानना और उसके अनुसार एक आदर्श नागरिक बनना प्रत्येक विद्यार्थी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थि रैली में शामिल हुए।

# मतदाताओं को प्रोत्साहित करने चेम्बर की पहल



**रायपुर, 28 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव-2024 में शहरी मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। मतदाता घर से बाहर निकलकर वोट करें। इसके लिए अनेक पहल किए जा रहे हैं। अब इनमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। आज उनके अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पाद, रेस्टोरेंट में अलग-अलग छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स रायपुर के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे रायपुर के मतदाता प्रोत्साहित होंने और अधिक से अधिक संख्या में 07 मई को मतदान करेंगे। कलेक्टर ने परवानी सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को बैच पहनाया और मग के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।


परवानी ने बताया कि फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, शराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा।

वहीं रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाईल रिपेयरिंग के साथ मोबाईल गार्ड फ्री देंगे। साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ( बंजारी मार्केट) ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे। कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा 5 टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफ से हर लैपटॉप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्यूमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। आईडीबीटी व्यापारी संघ (नया बस स्टैंड) द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही मार्बल टाईल्स एसोसिएशन, ड्राईफ्रूट एसोसिएशन, साईकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षण गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी। यह छूट 7 मई से 12 मई तक रहेगी। राम थोक मंडी द्वारा 3000 सब्जी पैकेट का वितरण किया जाएगा यह वितरण 8मई से किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर, 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में मौसम ने करवट बदली है, भीषण गर्मी, तेज धूप व उमस से बेहाल जनजीवन में उस समय ताजगी का अहसास हो गया जब सुबह 9 के बाद तेज आंधी के साथ कुछ इलाके में ओला गिरे और गरज के साथ बारिश भी हुई। बच्चों के लिए तो यह मौज-मस्ती का रविवार हो गया। जैसे ही मौसम सुहावना हुआ बच्चें गलियों में उछलकूद करने लगे। लोगों ने छत व खुले आसमान के नीचे बिताकर मौसम का आनंद लिया।

अचानक बारिश होने से लोगों को गर्मी



से राहत मिली है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ रहा था। सुबह से बादल छाए होने के कारण आज फिर बारिश हुई है मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई थी। वहीं बारिश से तापमान में कमी आई है लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, भाटापारा-बलौदाबाजार, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही समेत अन्य कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का 64वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

# पारित संशोधित संविधान का किया गया अनुमोदन

**रायपुर, 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के विशेष आमसभा का आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को दोपहर 1 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपस्थित चेंबर पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यों के समक्ष 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) में पारित संशोधित संविधान का अनुमोदन किया गया।




चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी जी ने विशेष आमसभा में अपने उद्बोधन में अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दी, उन्होंने कहा कि अपने वादे अनुसार प्रदेश स्तर पर नवीन चेम्बर इकाइयों का गठन किया गया जिसकी संख्या वर्तमान में 42 हो गई है, एवं चेम्बर की सदस्य संख्या लगभग 26000 हो रही है जिसमें से लगभग 12500 सदस्य हमारे दो कार्यकाल में बना है। चेम्बर का विस्तार करते हुए युवा, महिला, उद्योग, ट्रांसपोर्ट चेम्बर के साथ ही टेक्नीकल टीम का भी गठन किया गया है जिससे कि व्यापार-उद्योग में आ रही कठिनाइयों का समाधान किया जा सके।

चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने आगे बताया कि विशेष आमसभा में उपस्थित चेम्बर पदाधिकारी एवं प्रदेश भर से आये हुए सदस्यों के मध्य 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) में पारित संशोधित संविधान का अनुमोदन किया गया तथा संविधान संशोधन समिति के सदस्य संजय रावत, भरत बजाज, राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात् संविधान संशोधन समिति के सदस्य संजय रावत ने 65 वर्ष के चेम्बर के इतिहास को सूचीबद्ध करने हेतु सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन चेम्बर महामंत्री अजय भसीन एवं कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन चेम्बर महामंत्री अजय भसीन ने किया। विशेष आमसभा में चेम्बर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित थे।












कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26